राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 12 अंक: 135 पृष्ठ: 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



विधायक दल द्वारा कर्नाटक का सीएम चुने जाने के बाद सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद लेते हुए।

# सिद्धा सीएम, डीके डिप्टी सीएम होंगे

## कर्नाटकः बहुमत हासिल करने के 5 दिन बाद कांग्रेस का ऐलान; डीके बोले- पार्टी हित में राजी हुआ

### मान गए डीके

● नेता चुने जाने के बाद सिद्धारमैया राजभवन पहुंचे, जहां राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पांच** दिन की मान-मनौव्वल और सोनिया गांधी के हस्तक्षेप के बाद कर्नाटक सीएम के लिए अड़े डीके शिवकुमार आखिरकार मान गए। सिद्धारमैया कर्नाटक के सीएम और वे डिप्टी सीएम होंगे। देर रात 2 बजे सोनिया गांधी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए डीके से बातचीत की थी। इसके बाद ही वे डिप्टी सीएम पद के लिए तैयार हुए। 10 घंटे के बाद गुरुवार दोपहर 12 बजे केसी वेणुगोपाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका औपचारिक ऐलान किया। इसके बाद रात में बेंगलुरु में हुई विधायक दल की बैठक में सिद्धारमैया को विधायक दल का नेता भी चुन लिया गया। नेता चुने जाने के बाद वे राजभवन पहुंचे, जहां राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। शपथ समारोह 20 मई को दोपहर 12.30 बजे बेंगलुरु के कांतिरावा स्टेडियम में होगा। इससे पहले सुबह शिवकुमार ने कहा, 'मैं पार्टी के फॉर्मूले पर राजी हूं। आगे लोकसभा चुनाव है और मैं जिम्मेदारियों के लिए तैयार हूं। पार्टी के हित को ध्यान में रखते हुए मैंने सहमति दी है।' डीके के भाई और सांसद डीके सुरेश ने कहा कि मैं पूरी तरह से खुश नहीं हूं। दरअसल, डीके सीएम बनना चाहते थे, लेकिन आलाकमान पहले ही सिद्धारमैया का नाम तय कर चुका था। इस फैसले पर डीके को मानने के लिए राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और उनके बीच कई दौर की मीटिंग्स हुईं। हालांकि, इनमें कोई नतीजा नहीं निकला था।

**वेणुगोपाल ने कहा- 20 मई को 12:30 बजे शपथ ग्रहण**
केसी वेणुगोपाल ने कहा, 'पिछले 3-4 दिन से हम कोशिश कर रहे थे कि सबमें सहमति हो जाए। डीके शिवकुमार ने राज्य के कार्यकताओं में ऊर्जा भर दी है। इसमें कोई शक नहीं है। शिवकुमार अध्यक्ष थे और सिद्धारमैया साथ थे। दोनों कर्नाटक में पार्टी के लिए बहुत बड़ा कद रखते हैं।'



### लोकसभा चुनाव के बाद डीके सीएम बनेंगे!

**शिवकुमार** 50-50 फॉर्मूले पर राजी हुए हैं। पहले ढाई साल सिद्धारमैया सीएम रहेंगे और बाद के ढाई साल डीके। यानी डीके लोकसभा चुनाव के बाद 2025 में मुख्यमंत्री बनेंगे। हालांकि तब कर्नाटक का कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कौन होगा, इसका नाम अभी तय नहीं है। डीके के भाई डीके सुरेश ने कहा कि मैं पूरी तरह से खुश नहीं हूं, लेकिन कर्नाटक के हित में हम अपनी अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करना चाहते हैं... यही वजह है कि डीके ने यह फॉर्मूला स्वीकार कर लिया है...भविष्य में हम देखेंगे, अभी एक लंबा रास्ता तय करना है। मैं डीके शिवकुमार के लिए सीएम पद चाहता हूं... लेकिन ऐसा नहीं हुआ, हम इंतजार करेंगे और देखेंगे। कर्नाटक के पूर्व डिप्टी सीएम जी परमेश्वरा ने कहा कि आधिकारिक तौर पर घोषणा करने दें कि किसे कौन सा पद देना है, और फिर बाकी चीजें आगे बढ़ेंगीं। पार्टी के सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे शपथ ग्रहण समारोह के लिए विपक्ष के नेताओं को भी इनविटेशन भेजेंगे। राहुल गांधी, सोनिया गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी भी बेंगलुरु पहुंचेंगी।

### पहले मानने को तैयार नहीं थे डीके


**डीके** डिप्टी सीएम, कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और दो मिनिस्ट्री लेकर मान गए हैं। आलाकमान सिद्धारमैया को सीएम बनाना चाहता है और उन्होंने डीके के सामने तीन फॉर्मूले रखे थे। फिर खबर आई है कि वो किसी पर भी सहमत नहीं हुए। खड़गे से डीके ने साफ कह दिया कि बनाना है तो सीएम बनाओ, डिप्टी सीएम नहीं बनूंगा। सुबह से ही दिल्ली में लिखी जा रही कर्नाटक सरकार की स्क्रिप्ट घंटे दर घंटे बदलती रही। डीके ने हाईकमान से कहा- 'लोकसभा की 20 से 22 सीटें वे जितवा सकते हैं।' खड़गे और राहुल गांधी के साथ सुबह डीके-सिद्धा की मीटिंग हुई थी, लेकिन एकराय नहीं बन सकी। बेंगलुरु में चल रही शपथ ग्रहण की तैयारियां रोक दी गईं।

इससे पहले डीके ने कहा था कि अगर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को मुख्यमंत्री बनाया जाता है तो उनकी लीडरशिप में काम करने को तैयार हैं।

### कर्नाटक कांग्रेस ने भेजा शपथ समारोह का न्योता

**कर्नाटक** कांग्रेस ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को शपथ ग्रहण समारोह का न्योता भेजा है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू, झारखंड के उट हेमंत सोरेन, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन, तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, बिहार के सीएम नीतीश कुमार को भी बुलाया गया है।

# मुंबई हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर भारत लाया जाएगा



**टीम एक्शन इंडिया/वॉशिंगटन**
**2008** के मुंबई आतंकी हमले के आरोपी पाकिस्तानी मूल के कनाडाई बिजनेसमैन तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। 62 साल का तहव्वुर अमेरिका की जेल में बंद है। लॉस एंजिलिस के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने 16 मई के आदेश में कहा है कि जिन आरोपों को आधार बनाकर भारत ने तहव्वुर के प्रत्यर्पण की मांग की है, उन्हें देखते हुए उसके प्रत्यर्पण की इजाजत दी जा सकती है। कोर्ट के 48 पेज के ऑर्डर में मुंबई आतंकी हमले में तहव्वुर राणा की भूमिका साफ होती है। कोर्ट ऑर्डर के दस्तावेजों के मुताबिक, राणा मुंबई हमले के बाद के दिनों में बेफिक्र हो गया था। वह चाहता था कि लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों को पाकिस्तान का सबसे ऊंचा सैन्य सम्मान दिया जाए। मुंबई के आंतकी हमले के सिलसिले में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी तहव्वुर की पूरी भूमिका की पड़ताल कर रही है। इन हमलों में तहव्वुर ने आतंकियों को मदद पहुंचाई थी, इसी के चलते भारत ने उसके प्रत्यर्पण की मांग की थी।

### भारत को सफलता

● राणा चाहता था कि लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों को पाक का सबसे ऊंचा सैन्य सम्मान दिया जाए

### डेविड हेडली के बचपन का दोस्त है तहव्वुर

**कोर्ट** में सुनवाई के दौरान सरकारी वकीलों ने तर्क दिया कि तहव्वुर इस हमले के मास्टर माइंड डेविड हेडली का बचपन का दोस्त है, और उसे पता था कि हेडली लश्कर-ए-तैयबा के साथ मिलकर काम कर रहा है। हेडली की मदद करके और उसे आर्थिक मदद पहुंचाकर तहव्वुर आतंकी संस्था और उसके साथ आतंकियों को भी सपोर्ट कर रहा था। राणा को जानकारी थी कि हेडली किससे मिल रहा है, क्या बात कर रहा है। उसे हमले की प्लानिंग और कुछ टारगेट्स के नाम भी पता थे। अमेरिकी सरकार ने कहा है कि राणा इस पूरी साजिश का हिस्सा था और इस बात की पूरी आशंका है कि उसने आतंकी हमले को फंडिंग देने का अपराध किया है।

## अनुराग ठाकुर ने नशे की लत से दूर रहने का किया आह्वान



**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने युवाओं को नशे की लत के खतरों के प्रति आगाह किया और आह्वान किया की वे दूसरे साथियों को भी इस घातक लत से बचने के लिए प्रेरित करें। अनुराग ठाकुर शिमला स्थित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में हमीर संगम महोत्सव में छात्रों को संबोधित कर रहे थे। हमीरपुर वेलफेयरअसोसिएशन द्वारा आयोजित इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य डॉ सिकंदर कुमार, अर्जुन पुरस्कार विजेता वेट लिफ्टर विकास ठाकुर सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं के विकास के लिए और चैंपियन ओलंपिक खिलाड़ी पैदा करने के लिए हमीरपुर में एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण किया जाएगा।

## हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने कसौली छावनी में अतिक्रमण पर संज्ञान लिया



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला(जय राम शर्मा)**
हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने कसौली छावनी में अतिक्रमण पर संज्ञान लिया है। कोर्ट ने छावनी में किए गए अवैध कब्जों का पूरा रिकॉर्ड तलब किया है। इसके अलावा अदालत ने केंद्र सरकार को जवाब दायर करने के लिए एक हफ्ते का समय दिया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश वीरेंदर सिंह की खंडपीठ ने कसौली की स्थानीय निवासी भावना द्वारा दायर जनहित याचिका पर उपरोक्त आदेश पारित किए। मामले पर सुनवाई 23 मई को निर्धारित की है।
प्रार्थी ने जनहित को लेकर दायर याचिका में कसौली के पाइन मॉल में हुए अतिक्रमण को उजागर किया है ।

## पंजाब में शराब कारोबारी पर आईटी रेड




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदकोट**
**पंजाब में** शराब कारोबारी दीप मल्होत्रा के घर गुरूवार सुबह 7 बजे इनकम टैक्स की रेड हुई। उनके घर 4 गाड़ियों में टीमें पहुंची। जिसके बाद उनके रिश्तेदारों के घर-ऑफिस भी खंगाले जा रहे हैं। उनके बेटे का नाम दिल्ली के कथित शराब घोटाले में सामने आया था। दीप मल्होत्रा के बेटे को जेल भी जाना पड़ा था। कुछ दिन पहले ही वह जमानत पर बाहर आया है। वहीं कुछ दिन पहले एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ईडी) भी पहले यहां रेड कर चुकी है। दीप मल्होत्रा दिल्ली और पंजाब के बड़े शराब कारोबारियों में शामिल हैं। दीप मल्होत्रा 2012 में फरीदकोट से अकाली दल के एमएलए रह चुके हैं। हालांकि इसके बाद उन्हें टिकट नहीं मिली थी।




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को प्रगति मैदान में अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो-2023 का उद्घाटन किया।

## अंबाला बीजेपी सांसद कटारिया का निधन

**अंबाला:** हरियाणा के अंबाला से बीजेपी के लोकसभा सांसद रतन लाल कटारिया का निधन हो गया है। उन्होंने तड़के पीजीआई चंडीगढ़ में अंतिम सांस ली। वे पिछले कई दिनों से निमोनिया के चलते पीजीआई में भर्ती थे।
पंचकूला के मनसा देवी कॉम्प्लेक्स सेक्टर-4 स्थित आवास से रतनलाल कटारिया की अंतिम यात्रा निकली। अंबाला के स्थानीय विधायक असीम गोयल, बीजेपी महामंत्री एवं पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने उनकी अर्थी को कंधा दिया। मनीमाजरा में अंतिम संस्कार किया गया।

# जातीय गणना: बिहार सरकार को झटका

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमें देखना है कि ये सर्वे है या जनगणना, सरकार डेटा को कैसे प्रोटेक्ट करेगी

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार** के जातीय गणना पर सुप्रीम कोर्ट से सरकार को राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि मामला हाईकोर्ट में है। 3 जुलाई को सुनवाई भी होनी है। अगर हाईकोर्ट इस मामले में सुनवाई नहीं करता है तो हम 14 जुलाई को इस मामले में सुनवाई करेंगे। सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए वकील ने कहा कि गणना का 80 फीसदी काम पूरा हो चुका है। इसलिए हाईकोर्ट के आदेश को खारिज कर हमें 10 दिन और दे दिए जाएं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमें देखना है कि ये सर्वे है या जनगणना। सरकार डेटा को कैसे प्रोटेक्ट करेगी। सुप्रीम कोर्ट में मुद्दा उठा कि सरकार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गणना कर रही थी। कोर्ट ने कहा कि ये सीरियस मुद्दा है। आप लोगों का डेटा कैसे प्रोटेक्ट कर रहे हैं। कोर्ट ने एजेंसी का नाम भी पूछा। दो जजों की बेंच ने कहा कि हाईकोर्ट में सुनवाई का इंतजार कीजिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट का अंतिम फैसला आने के बाद कोर्ट देखेगा कि इसे सुनना है या नहीं।



### सुनवाई की मांग

● अगर हाईकोर्ट इस मामले में सुनवाई नहीं करता है तो हम 14 जुलाई को इस मामले में सुनवाई करेंगे

## बंगाल में केरल स्टोरी से बैन हटा




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने बंगाल में फिल्म द केरल स्टोरी पर बैन के फैसले पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने बंगाल सरकार से कहा कि फिल्म देखने वालों की सुरक्षा भी तय की जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फिल्म को सेंसर बोर्ड से सर्टिफिकेशन देने के खिलाफ भी याचिकाएं दाखिल की गई हैं। इन पर सुनवाई से पहले हम भी यह फिल्म देखना चाहेंगे। अदालत ने कहा, 'इस फिल्म में 32 हजार महिलाओं के इस्लाम कुबूल करने वाले आरोपों पर डिस्क्लेमर लगाया जाए और प्रोड्यूसर ये काम 20 मई को शाम 5 बजे से पहले करे। आप जनता की असहिष्णुता को अहमियत देकर अगर कानून का ऐसे इस्तेमाल करेंगे तो हर फिल्म का यही हाल होगा। राज्य का कर्तव्य है कि वह कानून-व्यवस्था को कायम रखे।'

## अमृतपाल से मिलने डिब्रूगढ़ जेल पहुंचे माता-पिता



**टीम एक्शन इंडिया/जालंधरः** खालिस्तान समर्थक वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह से मिलने के लिए उसके माता-पिता असम की डिब्रूगढ़ जेल पहुंचे।
अमृतपाल से मिलने के लिए 14 दिन पहले पत्नी समेत करीब 10 लोग आए थे। लेकिन इस बार डिब्रूगढ़ जेल में अमृतपाल से मुलाकात के लिए सिर्फ उसकी माता बलविंदर कौर और पिता तरसेम सिंह पहुंचे हैं। अमृतपाल के माता-पिता बरनाला से पूर्व सांसद एवं एडवोकेट राजदेव सिंह खालसा और एक अन्य वकील बृज शर्मा के साथ पहुंचे हैं।

# किरेन रिजिजू से लिया गया कानून मंत्रालय

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कानून** मंत्री बनने पर किरेन रिजिजू ने अर्जुनराम मेघवाल को बधाई दी। किरेन को जुलाई 2021 में कानून मंत्रालय सौंपा गया था। यह फोटो किरेन ने ट्वीट की है। सरकार ने कानून मंत्री किरेन रिजिजू का विभाग बदल दिया है। रिजिजू को अब अर्थ साइंस मंत्रालय दिया गया है। रिजिजू की जगह अब अर्जुन राम मेघवाल लॉ मिनिस्टर होंगे। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी नोटिफिकेशन में बताया गया है कि मेघवाल को स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है। मेघवाल के पास संसदीय मामलों के राज्य मंत्री का जिम्मा भी है। रिजिजू के अलावा कानून राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल का भी मंत्रालय बदला गया है। उन्हें अब स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री बनाया गया है। रिजिजू को रविशंकर प्रसाद की जगह जुलाई 2021 में कानून मंत्री नियुक्त किया गया था। 2019 में उन्हें खेल मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया था। रिजिजू जजों पर टिप्पणियों को लेकर सुर्खियों में रहे हैं।



उन्होंने कॉलेजियम को लेकर भी कहा था कि देश में कोई किसी को चेतावनी नहीं दे सकता है। रिटायर्ड जजों पर भी बयान दिया था- कुछ रिटायर्ड जज एंटी इंडिया ग्रुप का हिस्सा बन गए हैं। मंत्रालय बदलने के साथ किरेन रिजिजू ने एक ट्वीट किया।

# तमिनलाडु में जल्लीकट्टू जारी रहेगा

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- विधानसभा ने इसे सांस्कृतिक विरासत घोषित किया, हम अलग नजरिया नहीं रख सकते



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट** ने तमिलनाडु, कर्नाटक और महाराष्ट्र में होने वाली बैलों की परंपरागत दौड़ पर रोक नहीं लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय पशु क्रूरता अधिनियम में तमिलनाडु सरकार की ओर से किए गए संशोधन की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा है। यानी महाराष्ट्र में बैलगाड़ी दौड़, कर्नाटक में कांबाला और तमिलनाडु में जल्लीकट्टू का परंपरागत खेल जारी रहेगा। सुप्रीम कोर्ट में पशु क्रूरता अधिनियम में बदलावों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई थी। अदालत ने याचिकाएं खारिज कर दीं। तमिलनाडु ने कानून में यह बदलाव 2014 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद किया था, जिसमें अदालत ने जल्लीकट्टू और इसी तरह के दूसरे खेलों पर रोक लगा दी थी। इस मामले पर जस्टिस केएम जोसेफ, जस्टिस अजय रस्तोगी, जस्टिस अनिरुद्ध बोस, जस्टिस ऋषिकेश रॉय और जस्टिस सीटी रविकुमार की बेंच सुनवाई कर रही थी।
कानून संशोधनः सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में पशु कल्याण विभाग और ए नागराज के केस में जल्लीकट्टू पर बैन लगाया था। इसके बाद तमिलनाडु सरकार ने कानून में संशोधन किया। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने गुरुवार को कहा- कानून में बदलाव 2014 में नागराज केस में दिए गए फैसले के खिलाफ नहीं हैं।

### परंपरागत खेल

● केंद्रीय पशु क्रूरता अधिनियम में तमिलनाडु सरकार की ओर से किए गए संशोधन की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा

**विरोध** मुआवजा मांग रहे प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज के बाद भड़के, भारत माला प्रोजेक्ट में गई जमीनें

# पंजाब में किसानों ने किए रेलवे ट्रैक जाम

**टीम एक्शन इंडिया/जालंधर**
**भारत** माला प्रोजेक्ट के तहत एक्वायर की गई जमीनों के मुआवजे को लेकर काफी दिनों से धरना दे रहे किसानों पर गुरदासपुर में लाठीचार्ज के बाद दोबारा फिर से पंजाब का माहौल गमार्ना शुरू हो गया है। किसानों ने लाठीचार्ज के विरोध में दोपहर को 1 बजे से पूरे पंजाब में रेलवे ट्रैक जाम कर डाले। रेल में यात्रा करने वालों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के बैनर तले किसान और खेती मजदूर इकट्ठे होकर जालंधर, लुधियाना फिरोजपुर, बठिंडा,



अमृतसर, पटियाला, रोपड़ आदि में रेलवे ट्रैक पर बैठ कर अपना रोष जाहिर कर रहे हैं। किसान नेताओं ने कहा कि भगवंत मान सरकार ने शांतिपूर्ण तरीके से अपने प्रदर्शन कर रहे किसानों पर लाठीचार्ज करवाया है।

**केंद्र के हाथों में खेल रही भगवंत मान सरकारः** किसान नेताओं ने कहा कि पंजाब सरकार केंद्र सरकार की कठपुतली बनी हुई है। केंद्र सरकार के इशारे पर भगवंत मान सरकार किसान-मजदूर विरोधी काम कर रही है। भारत माला प्रोजेक्ट के तहत जो मुआवजा दिया जा रहा है वह बहुत कम है। इस मुआवजे को बढ़ाने के लिए किसान संघर्ष कर रहे हैं। किसान नेता हरप्रीत सिंह ने कहा कि अपने हकों के लिए संघर्ष करना उनका अधिकार है। लेकिन पंजाब सरकार अपने हकों के लिए लड़ने वालों पर भी लाठियां बरसा रही है। उन्होंने कहा कि भगवंत मान सरकार ने धरने पर बैठी बुजुर्ग महिलाओं को भी पुलिस से पिटवाया।

# पीएम ने पुरी-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई

**टीम एक्शन इंडिया/पुरी**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पुरी-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने राज्य में 8,200 करोड़ के रेलवे डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स की नींव रखी। इसमें पुरी और कटक रेलवे स्टेशन का री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट भी शामिल है। प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए इन सभी कार्यक्रमों में शामिल हुए। नई वंदे भारत एक्सप्रेस पुरी से हावड़ा के बीच चलेगी। ये ट्रेन ओडिशा के खोरधा, कटक, जाजपुर, भद्रक, बालासोर और पश्चिम बंगाल के पश्चिम और पूर्वी मेदिनीपुर जिले से होकर गुजरेगी। 500 किलोमीटर के इस सफर को ट्रेन साढ़े 6 घंटे में पूरा करेगी



**पुरी और कटक के नए स्टेशनों में होंगी मॉडर्न सुविधाएंः** पुरी और कटक में बनने वाले नए रेलवे स्टेशनों में सभी मॉडर्न सुविधाएं होंगी। यहां यात्रियों को विश्वस्तरीय अनुभव मिलेगा। प्रधानमंत्री ने ओडिशा में रेल नेटवर्क के 100% इलेक्ट्रिफिकेशन को भी डेडिकेट किया।

# वित्तीय घाटे से उबारने के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम में किए जाएंगे व्यापक सुधारः सीएम सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम एचआरटीसी को वित्तीय घाटे से उबारने के लिए राज्य सरकार इसमें व्यापक सुधार लाएगी। वे बुधवार देर सायं यहां परिवहन विभाग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से निगम को आत्मनिर्भर बनाने और बेहतर वित्तीय संसाधन उपलब्ध करवाने, कर्मचारियों और पेंशनरों को समय पर वेतन और पेंशन का भुगतान सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सुधार प्रक्रिया के तहत राज्य सरकार निगम में चालकों और परिचालकों के रिक्त पद भरने के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगी जिसके माध्यम से राज्य के लोगों को सुगम और बेहतर परिवहन सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि निगम में चरणबद्ध तरीके से डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों ई-बसों में बदला जा रहा है। वर्तमान में निगम के बेड़े में पहले से ही 95 इलेक्ट्रिक बसें शामिल हैं और निकट भविष्य में इनकी संख्या में और वृद्धि की जाएगी। उन्होंने कहा कि टाइप-1 की 75 ई-बसें खरीदने की योजना पर काम चल रहा है, जिसकी निविदाएं पहले ही जारी कर दी गई हैं। इसके लिए लेटर ऑफ अवार्ड एलओए अगले माह तक जारी होने की उम्मीद है। इन 75 ई-बसों के लिए मार्गों की पहचान कर ली गई है और चार्जिंग स्टेशनों सहित आवश्यक बुनियादी ढांचा विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अलावाए निगम ने 225 डीजल बसों को टाइप-2 ई-बसों से बदलने के लिए मार्गों की पहचान की है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने हरित बजट पेश किया है और 31 मार्च, 2026 तक हिमाचल प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य का लक्ष्य ई-वाहनों के संचालन में आदर्श स्थापित करना है और इन वाहनों के संचालन के लिए प्रदेश में छह ग्रीन कॉरिडोर स्थापित किए जा रहे हैं। प्रदेश में कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में ई-वाहनों के संचालन को बढ़ावा देना सरकार की रणनीति का हिस्सा है। बैठक के दौरान हमीरपुर में प्रस्तावित बस पोर्ट की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश बस स्टैंड प्रबंधन एवं विकास प्राधिकरण एचपीबीएसएमडीए द्वारा अगले दो वर्षों के भीतर इसे तैयार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त हमीरपुर जिले के नादौन में ई-बस डिपो के निर्माण के लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है।

# बैहना को नगर निगम मंडी से किया जाए बाहर

- 2 साल के बाद भी बैहना के लोगों का विरोध जारी, उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**



नगर निगम मंडी के वार्ड नंबर 14 बैहना के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त मंडी अरिंदम चौधरी से मिला। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को एक ज्ञापन प्रेषित किया, जिसमें प्रतिनिधिमंडल ने कहा है कि बैहना को नगर निगम मंडी से बाहर किया जाए, अन्यथा बैहना वासी आगामी लोकसभा चुनावों का पूर्ण रूप से बहिष्कार करेंगे। महिला मंडल बैहना की प्रधान मीरा देवी ने बताया कि अढाई साल पहले बैहना पंचायत को नगर निगम मंडी में शामिल किया गया था एउस दौरान भी लोगों ने भारी विरोध किया था, परन्तु लोगों के विरोध के बावजूद भी उन्हें नगर निगम मंडी में शामिल किया गया। और आज अढ़ाई साल बाद भी जहां बैहना वार्ड विकास के मामले में अछूता है, तो वही वार्ड में बिजली के खंभे लगाकर नगर निगम मंडी ने सिर्फ औपचारिकता ही पूरी की हैं कि यह क्षेत्र निगम का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि बैहना वार्ड ग्रामीण क्षेत्र है और यहां के लोग नगर निगम मंडी का बोझ नहीं उठा सकते इसलिए वह सरकार से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द उन्हें नगर निगम मंडी से बाहर किया जाए, अन्यथा फिर लोगों को मजबूरन आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा।

## 19 मई को मंडी जिला में मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा 19 मई को मंडी जिला के कई स्थानों पर वर्षाए तेज हवाएं एवं बिजली चमकने की चेतावनी जारी की है। इस चेतावनी के मध्यनजर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त अरिंदम चौधरी ने 19 मई को उपरी/पहाड़ी भागों में जाने से परहेज करने एवं अपने घरों में सुरक्षित स्थानों पर रहने का आग्रह किया है। उपायुक्त ने जिला के पंचायत प्रधानों, गैर सरकारी संगठनों, ट्रैकर्स एवं नागरिकों से भी अनुरोध किया है कि वे इस बारे लोगों को जानकारी प्रदान करें ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# दो वर्षों से बंद पड़ी सिंचाई योजना सेरमनौण दो दिन में की आरंभ

- बंद पड़ी उठाऊ सिंचाई योजना सेर-मनौण ने बुधवार को कार्य करना आरंभ कर दिया है

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



बीते दो वर्षों से बंद पड़ी उठाऊ सिंचाई योजना सेर-मनौण ने बुधवार को कार्य करना आरंभ कर दिया है। जिसके लिए इस क्षेत्र के लोगों ने अधीशासी अभियंता जल शक्ति विभाग राजगढ़ मंदीप गुप्ता का आभार व्यक्त किया है। कृषि विकास समिति के अध्यक्ष चेतन चौहान और शेरजंग चौहान ने बताया कि इस योजना की राईजिग मेन और पंपपिग मशीनरी खराब हो चुकी थी। जिस बारे बीते दो वर्षों से जल शक्ति विभाग के जेई से लेकर एसई तक क्षेत्र के लोगों ने मुरम्मत की गुहार लगाई गई थी परंतु इस योजना की मुरम्मत करने पर विभाग द्वारा कोई प्रभावी पग नहीं उठाया गया था। जिस कारण पांच गांव की सैंकड़ों बीघा जमीन बंजर हो गई थी।उन्होने बताया कि कुछ दिनों पहले राजगढ़ में खुले जेएसवी के मंडल कार्यालय में नए अधीशासी अभियंता मंदीप गुप्ता से क्षेत्र के एक प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मंदीप गुप्ता द्वारा विभाग के सर्वेयर बलबीर देसाई को मौके पर जायजा लेने भेजा गया। रिर्पोट आने पर मंदीप गुप्ता ने दो दिन के भीतर राईजिंग मेन व पंपिग स्टेशन की मुरम्मत करके तथा बिजली का अविंलब प्रबंध करवा कर योजना को चालू करवा दिया गया। इनका कहना है कि इस कार्य में एसडीओ बीके कौंडल और सर्वेयर बलबीर देसाई का विशेष योगदान रहा है। इस योजना के चालू होने से पूरे क्षेत्र के किसानों ने राहत की सांस ली है और एक्सियन मंदीप गुप्ता का आभार व्यक्त किया है।बता दें कि करीब तीस वर्ष पहले इस क्षेत्र के पांच गांव फागू, सेर, मनौण, ढांग और पाजयो के लिए यूएसएड की सहायता से अरखटी खडड से उठाऊ सिंचाई योजना तैयार की गई थी ताकि किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा मिल सके और इस सिंचाई योजना से पांच गांव के लोगों को काफी लाभ मिल रहा था। रखरखाव के अभाव में यह योजना बीते दो वर्षों से बंद पड़ी थी जिसके चलते किसानों में विभाग के प्रति काफी रोष व्याप्त था।एसडीओ जेएसवी राजगढ़ बीके कौंडल ने बताया कि सिंचाई योजना सेरमनौण को मुरम्मत करके क्रियाशील बना दिया गया है। इस योजना के अधीन 67 हैक्टेयर भूमि सिंचित होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रिया होगी हमीरपुर जिला एथलेटिक्स टीम की कप्तान

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

प्रदेश एथलेटिक्स प्रतियोगिता जोकि 21 व 22 मई को बिलासपुर में होने जा रही हैं, उसके लिए हमीरपुर टीम की कमान राष्ट्रीय स्तर की धाविका प्रिया ठाकुर को दी गई हैं। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज भारतीय ने बताया की चयन समिति द्वारा तय मापदंडों के आधार पर टीम की घोषणा की गई हैं। टीम के कोच अनिल शर्मा और मैनेजर पीयूष शर्मा रहेंगे। अंडर 14 लडकों में सूर्यांश डडवाल, आदित्य शर्मा, प्रकुल, रजत कुमार, अरमान सिंह, अक्षत मंडियाल और प्रद्युमन का चयन हुआ है, अंडर 14 लड़कियों के वर्ग में चाहत, अक्षिता, रिद्धिमा, आरुषि, अनामिका डोगरा, देवांशी शर्मा का चयन हुआ है। अंडर 16 लडकों के वर्ग में कृशिव राजगुरु, प्रशांत ठाकुर, ईशांत ठाकुर, मृदंग जमालटा, निकेश ठाकुर, आदित्य ठाकुर, लवनीत शारदा, प्रद्युम्न और सूर्याश शर्मा चयनित हुए हैं। अंडर 16 लड़कियों के वर्ग में अंबिका राणा,अक्षरा शर्मा, अंकिता शर्मा, तनवी ठाकुर, शगुन, प्रांजली सिंह और अनन्य शर्मा का चयन हुआ है।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया नया डेट फंड आईसीआईसीआई प्रू कॉन्सटेंट मेच्योरिटी

**धर्मशाला**: आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक नया डेट फंड लॉन्च किया। यह फंड ग्राहकों को मौजूदा उच्च ब्याज दरों पर अपने निवेश को लॉक करने,लंबी अवधि में धन का निर्माण करने और वित्तीय लक्ष्य हासिल करने में सक्षम बनाएगा।प्रचलित ब्याज दर व्यवस्था ग्राहकों को निवेश करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती है। इस तरह ग्राहक जीवन बीमा बाजार में इस तरह के पहले डेट फंड आईसीआईसीआई प्रू कॉन्सटेंट मेच्योरिटी फंड में निवेश कर सकते हैं।यह फंड कंपनी के प्रमुख यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप)में निवेश के लिए उपलब्ध है। यूलिप ग्राहकों को लाइफ कवर,परिवार को वित्तीय सुरक्षा और लंबी अवधि में संपत्ति निर्माण की सुविधा का एक अनूठा ऑफर प्रदान करते हैं।आईसीआईसीआई प्रू कॉन्स्टेंट मैच्योरिटी फंड 15 मई 2023 से यूनिट लिंक्ड उत्पादों के साथ उपलब्ध है।आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के हैड ऑफ फिक्स्ड इनकम अरुण श्रीनिवासन ने कहा हम एक शानदार डेट फंड लॉन्च करते हुए उत्साहित हैं।इस पेशकश के साथ आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस फिक्स्ड इनकम यूलिप के क्षेत्र में इस तरह के फंड की पेशकश करने वाला देश का पहला बीमाकर्ता बन जाता है। ब्याज दर चक्र अपनी ऊंचाई के करीब होने के साथ ग्राहकों के लिए आईसीआईसीआई प्रू कॉन्स्टेंट मैच्योरिटी फंड में निवेश को चैनलाइज करने का यह एक शानदार अवसर है। हमारा सुझाव है कि पूंजी संरक्षण और लंबी अवधि के धन सृजन के लिए निवेशक अपनी बचत का एक हिस्सा यूलिप डेट फंड में बांट दें। इस फंड में निवेश करके ग्राहक उच्च मौजूदा ब्याज दरों पर अपने निवेश को लॉक.इन करने में सक्षम होंगे और फंड के बढ़ते एनएवी से लाभान्वित होंगे क्योंकि समय के साथ बॉण्ड की कीमतों में वृद्धि की उम्मीद है। यूलिप में निवेश के साथ कर लाभ भी हासिल किए जा सकते हैं। यदि किया गया वार्षिक निवेश 2.5 लाख रुपए तक है और वार्षिक प्रीमियम के 10 गुना के लाइफ कवर के साथ परिपक्वता आय ग्राहकों के लिए कर.मुक्त है।

### एमवे ने त्वचा को युवा बनाए रखने हेतु लांच लिए कई उत्पाद

**शिमला**: एमवे इंडिया ने अपने खास तरह के उत्पाद लॉन्च किए, जो हर किसी की स्किनकेयर जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन द्वारा पेश किए गए इन बैलेंसिंग और हाइड्रेटिंग त्वचा उत्पादों में ऐसे तत्वों का विशिष्ट मिश्रण रखा गया है जो त्वचा को संतुलित और हाइड्रेट कर उसे तरोताजा और युवा बनाते हैं।



न्यूट्रिलाइट फार्मों में उगाए हुए पौधों के वानस्पतिक तत्वों से भरपूर, हाइड्रेटिंग और बैलेंसिंग रेंज के इन वेगन स्किनकेयर उत्पादों की प्रभावशीलता का अच्छी तरह से परीक्षण किया गया है, ये परीक्षण पशुओं पर नहीं किए गए हैं और ये पैराबेन, फेथलेट, सल्फेट सर्फेक्टेंट और जानवरों से मिलने वाले तत्वों से मुक्त हैं। अत्याधुनिक त्वचा विज्ञान से तैयार किए जाने वाले इन उत्पादों में खास स्किनकेयर कॉम्प्लेक्स डाले जाते हैं जो त्वचा की प्राकृतिक रक्षा प्रणाली को 350 प्रतिशत तक बढ़ा देते हैं और इस तरह उम्र बढ़ने पर त्वचा पर दिखाई देने वाले लक्षणों को लंबी उम्र तक उभरने से रोका जा सकता है।

# नाहन में हुआ नाथ संप्रदाय के संतों का समागम



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

ब्रह्मलीन महंत राजगुरू योगी कृष्णनाथ महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिश्ठा संख्या ढाल कार्यक्रम नाहन के ऐतिहासिक सिद्धपीठ कालिस्थान मंदिर नाहन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर ऐतिहासिक कालीस्थान मंदिर में योगी किषोरीनाथ महाराज को 11 वें राजगुरू की गद्दी पर विधिवत तौर देष भर से आए संत समागम के बीच विराजमान किया गया है। इससे पूर्व यहां पर ब्रह्मलीन मंहत राजगुरू योगी कृश्णनाथ महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा षंखा ढाल कार्यक्रम के तहत अनावरण किया गया। इस खास मौके एवं भव्य कार्यक्रम में पीर महंत एवं सिद्व बाबा मस्तनाथ मठ पीठाधीष्वर अस्थल अबोहर रोहतक हरियाणा एवं सांसद अलवर राजस्थान बालकनाथ महाराज ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

महामंत्री योगी महासंभा हरिद्वार के महंत योगी चेताई नाथ महाराज की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। दो दिवसिय भव्य कार्यक्रम के तहत शंखा ढाल परंपरा के बाद मूर्ति का अनावरण किया गया। इस अवसर पर भारत के विभिन्न राज्यों से नाथ समुदाय के संतो के बीच चादर रस्म को निभाते हुए नाथ संप्रदाय के योगी किषोरीनाथ को कालीस्थान मंदिर समिति का कार्यकारी अध्यक्ष एवं राजगुरू की गद्दी पर विराजमान किया गया। विशाल भंडारे के साथ संत विदाई हुई। इस अवसर पर सांसद अलवर योगी बालक नाथ ने कहा कि ऐतिहासिक कालीस्थान मंदिर नाहन का पोराणिक महत्व है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेष के नाहन में माता काली का साक्षात वास यहां है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मलीन राजगुरू कृश्णनाथ उपदेषी शिष्य रहे। इस परंपरा को आगे बढाना नाथ संप्रदाय के लिए आवष्यक है। उन्होंने राजगुरू की गद्दी पर योगी किशौरी नाथ विराजमान के बाद कहा कि कालीस्थान मंदिर से लोक कल्याण, समाज का कल्याण के कार्य हों यह कामना है। इस अवसर पर पूर्व विधायक कंवर अजय बहादूर सिंह ने कहा कि सिरमौर रियासत के राजा महाराजा यदुवंशी भाटी वंश के है।

## थम गई युवक की सांसे डीजे की धुनों पर झूमते-झूमते गिर पड़ा मौके पर मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

पावंटा साहिब के अंबोया में एक युवक जो अपने दोस्त की शादी में मंडी से आया और नाचते नाचते ही मौत हो गई।

हालांकि ये बात सुनने में काफी अजीब लग रही होगी, लेकिन ये हार्ट अटैक हिमाचल में आये सप्ताह और दिन जान ले रहा है। अब मंडी से अपने दोस्त की शादी में आया युवक जो डीजे की धुन पर झूम कर नाच रहा था। अचानक नीचे गिर पड़ता है इस शादी में आई एक महिला डॉक्टर ने जब जाँच की तो कुछ ऐसा नही मिला कि उसकी सांसे भी बची हो।

# बलात्कार के प्रयास में 2 वर्ष का कठोर कारावास

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



जिला सिरमौर के रेणुका विधानसभा क्षेत्र के जरग गांव में करीब 8 वर्ष पुराने बलात्कार के प्रयास के मामले में जिला सिरमौर के नाहन स्थित विशेष न्यायालय के न्यायाधीश आरके चौधरी ने आरोपी राजेंद्र सिंह पुत्र सानिया राम निवासी ग्वारो पोस्ट ऑफि स जरग को दोषी ठहराते हुए 2 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।दोषी को सजा के साथ-साथ 2500 रुपए जुर्माना धारा 376 व 511 आईपीसी के तहत देना होगा। इसके अलावा दोषी को धारा 452 के तहत भी 2500 रुपए का जुमार्ना अदा करना होगा। जुमार्ना अदा न करने की सूरत में दोषी को 3 माह की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। दोषी को आर्म एक्ट के तहत भी एक साल की सजा व जुमार्ना सुनाया गया है। मामले के बारे में जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी नाहन चंपा सुरील ने बताया कि करीब 8 वर्ष पुराने इस मामले में न्यायाधीश आरके चौधरी द्वारा सुनवाई गई।

यह मामला हिमाचल प्रदेश सरकार बनाम राजेंद्र सिंह पुत्र सानिया राम निवासी गवरो पोस्ट ऑफिस जरग के तहत चल रहा था।

मामले के बारे में जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी चंपा सुरील ने बताया कि यह मामला 26 मार्च 2015 को आईपीसी की धारा 376, 511, 452, 506 आईपीसी के अलावा सेक्शन 25 आर्म्स एक्ट तथा सेक्शन 3 एससी एसटी एक्ट के तहत पुलिस थाना शरीरी रेणुका जी में दर्ज किया गया था।

# पशु चिकित्सा अधिकारी संघ ने भेंट की तीन लाख इकसठ हजार की राशि

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**



28 मई 2023 को धर्मशाला में कर्मचारियों द्वारा प्रदेश सरकार के सम्मान में होनी जा रही आभार रैली के लिए हिमाचल प्रदेश पशु चिकित्सा अधिकारी संघ ने एनपीएसईए की राज्य स्तरीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को तीन लाख इकसठ हजार रुपए की सहयोग राशि भेंट की पशु चिकित्सा अधिकारी संघ के अध्यक्ष डॉ नीरज मोहन एवं प्रदेश महासचिव डॉ मधुर गुप्ता ने बताया की मुख्य मंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू जी और उनकी सरकार ने 20 वर्षों बाद फिर से पुरानी पेंशन योजना को अधिकारी एवं कर्मचारियों के हित में लागू कर के स्वर्णिम अक्षरों में एक नया इतिहास लिख डाला है जिस से प्रदेश के कर्मचारियों में खुशी और उल्लास की लहर है और समस्त प्रदेश के अधिकारी कर्मचारी गर्व महसूस करते हुए दिल की गहराइयों से प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त कर रहे हैं डॉ मधुर गुप्ता ने बताया की ये सब कुछ केवल राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय एनपीएसईए कार्यकारिणी के प्रयासों से ही संभव हो पाया है और एनपीएसईए ने प्रदेश सरकार के आशीर्वाद से ये मुकाम हासिल करने के लिए कमर तोड़ मेहनत की है डॉ गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा की प्रदेश पशु चिकित्सा अधिकारी संघ हमेशा एनपीएसईए संघ के साथ कंधे से कंधा मिला कर प्रारंभ से ही खड़ा था और हमेशा ही खड़ा रहेगा पशु चिकित्सा अधिकारी संघ के पदाधिकारियों ने कहा की प्रदेश सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय से खुश हो कर ही प्रदेश भर के अधिकारी कर्मचारी 28 मई 2023 को धर्मशाला में एक छत के नीचे एकत्र हो कर मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सहित समस्त मंत्री मंडल एवं सरकार में हर गणमान्य विशिष्ट अतिथियों का सम्मान एवं धन्यवाद करने के लिए आभार रैली का आयोजन कर रहे हैं।

# पारा चढ़ते ही घुमंतु गुज्जरों ने किया पहाड़ी क्षेत्रों का रूख

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



मैदानी इलाकों में पारा बढ़ने के साथ ही घुमन्तुं गुज्जरों ने पहाड़ी क्षेत्रों का रूख कर दिया है। इस समुदाय का कोई स्थाई ठिकाना नहीं है फिर भी यह समुदाय अपने व्यवसाय से प्रसन्न है। पहाड़ो पर बर्फ एंव अत्यधिक सर्दी आरंभ होने पर यह घुमन्तु गुज्जर अपने परिवार व मवेशियों के साथ मैदानी क्षेत्रों में चले जाते हैं और गर्मियों के दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों प्रायः नारकंडा और चूड़धार के जंगलों में रहते है। सबसे अहम बात यह है कि इस समुदाय के लोगों को बेघर होने का कोई खास मलाल नहीं है। आधुनिकता की चकाचैंध से कोसों दूर घुमन्तुं गुज्जर वर्ष भर भैंस, भेड़ बकरियां, भार उठाने वाले बैलों के साथ जंगल-जंगल घूमकर कठिन व संघर्षमय जीवन यापन करते हैं। बता दें कि गर्मियों के दिनों घुमंतु गुज्जर समुदाय के लोग नारकंडा, चांशल और चूड़धार के जंगलों में रहते हैं। जबकि सर्दियों के दौरान नालागढ़, बददी, पांवटा, दून और सिरमौर जिला के धारटीधार क्षेत्र में चले जाते हैं। सूचना प्रौद्योगिकी की क्रांति में इस समुदाय का कोई सारोकार नहीं है। सोशल मिडिया, फेसबुक, इंटरनेट, सियासत इत्यादि से इस समुदाय का दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है। यह लोग अपने सभी रीति रिवाजों व विवाह इत्यादि समाजिक बंधनों जंगलों में मनाते हैं। सर्दी, बरसात, गर्मी के दौरान गुज्जर समुदाय के लोग जंगलों में रातें बिताते हैं। बीमार होने पर अपने पारंपरिक दवाओं अर्थात जड़ी बूटियों का इस्तेमाल करते हैं। मवेशियों को लेकर नारकंडा जा रहे शेखदीन व कमलदीन गुज्जर ने बताया कि आजादी के 75 वर्ष बीत जाने पर भी किसी भी सरकार ने उनके संघर्षमय जीवन बारे विचार नहीं किया और भविष्य में उमीद भी नहीं है। इनका कहना है कि दो जून की रोटी कमाना उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण है। दूध, खोया, पनीर इत्यादि बेचकर यह समुदाय रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करता है। हालांकि कुछ गुज्जरों को सरकार ने पटटे पर जमीन अवश्य दी है परंतु अधिकांश गुज्जर घुमंतु ही है। शेखदीन का कहना है कि विशेषकर बारिश होने पर खुले मैदान में बच्चों के साथ रात बिताना बहुत कठिन हो जाता है। बताया कि उनके बच्चे अनपढ़ रह जाते हैं। सरकार ने घुमंतु गुज्जरों के लिए मोबाइल स्कूल अवश्य खोले हैं परंतु स्थाई ठिकाना न होने पर यह योजना भी ज्यादा लाभदायक सिद्ध नहीं हो रही है।

# बोरी में बंद मिला अज्ञात शव, फैली सनसनी

**टीम एक्शन इंडिया/घुमारवीं/नीरज शर्मा**



बिलासपुर जिले के भराड़ी थाना की पटेर पंचायत के तहत सुनसान जगह पर अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गई। प्रथम दृष्टि से यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। अज्ञात शव कपड़े की चादर में लिपटा हुआ बाहर से जुट की बोरियों में बन्धा हुआ पाया गया है। शव पूरी तरह गल सड़ गया था। जिस कारण शव की शिनाख्त नही हो पाई है।

जानकारी के मुताबिक वीरबार सुबह करीब सात बजे एक व्यक्ति से सडक से गुजर रहा था। मटयाल पुल के नजदीक सुनसान जगह पर उसे बदबू की दुर्गंध आई तो उसे कुछ शक हुआ। उसने इस बारे में स्थानीय लोगों को सूचित किया। स्थानीय लोगों ने वार्ड सदस्य को सूचित कर मौके पर बुलाया। झाड़ियों में पड़ी एक बोरी से बदबू आ रही थी। पहले तो लोगों ने सोचा कि किसी ने मृत जानवर यहां फेंक दिया होगा। लेकिन लोगों ने जब बोरी को खोलकर देखा तो उन्हें मृत व्यक्ति का हाथ व बाजू दिखाई दिए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पंचायत प्रधान व पुलिस को दी। शव की सूचना मिलते ही अतरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जसवालए भराड़ी थाना प्रभारी देवानंद सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंच गई। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि शव बुरी तरह गल चुका था। मृतिक के सर पर लंबे लम्वे बाल व दाढ़ी है। पुलिस व एफएसएल की टीम ने मौके से जरूरी तथ्य इकठ्ठे किये। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि मौके के नजदीक एक कुटिया में साधु रहता था। जो पिछले कई दिनों से कुटिया में नही दिखाई दिया है। व उस साधु के एक हाथ की उंगलियां टेढ़ी थी।

# संरक्षित भौगोलिक संकेत के रूप में कांगड़ा चाय यूरोपीय संघ के तहत पंजीकृत: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस कहा कि कांगड़ा चाय यूरोपीय संघ में संरक्षित भौगोलिक संकेत जीआई के रूप में पंजीकृत होने वाला देश का दूसरा उत्पाद बन गया है। उन्होंने कहा कि इससे कांगड़ा चाय के उत्पादकों के लिए यूरोपीय देशों में बिक्री का मार्ग प्रशस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय बाजारों में उत्पाद की गुणवत्ता, वास्तविकता और प्रतिष्ठा को पहचानने के लिए कांगड़ा चाय का यूरोपीय संघ के तहत पंजीकरण महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि इसके पंजीकरण से कांगड़ा चाय को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है जोकि इसकी बिक्री के लिए वरदान साबित होगा। इस निर्णय से कांगड़ा जिले के पालमपुर, बैजनाथ, कांगड़ा व धर्मशाला, मंडी जिले के जोगिंदरनगर



और चंबा जिले के भटियात क्षेत्र के कांगड़ा चाय उत्पादकों को लाभ होगा। कांगड़ा चाय अपने अनूठे स्वाद के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। इसमें प्रचुर मात्रा में मौजूद पाइराजिन इसे अलग सुगंध प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, इसमें औषधीय गुण भी पाए जाते हैं जोकि एंटीऑक्सिडेंट्स, फेनोलिक कम्पाउंड, ट्रिप्टोफैन, अमीनो एसिड्स, थीनाइन ग्लूटामाइन और कैटेचिन से मिलते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगड़ा चाय को वर्ष 2005 में पंजीयक भौगोलिक संकेतक, चेन्नई, द्वारा जीआई का दर्जा दिया गया था और अब यूरोपीय संघ के साथ पंजीकरण के बाद कांगड़ा चाय की बिक्री बढ? की उम्मीद है जिससे राज्य के कांगड़ा चाय उत्पादकों को लाभ होगा। ब्रिटिश काल में कांगड़ा चाय का निर्यात यूरोपीय बाजारों में किया जाता था। इसकी गुणवत्ता के कारण एम्स्टरडेम और लंदन के बाजारों द्वारा वर्ष 1886 से 1895 के बीच कांगड़ा चाय को विभिन्न पुरस्कार दिए गए। आज से पहले यूरोपरीय संघ में पंजीकृत न होने के कारण कांगड़ा चाय की यूरोपीय बाजारों में बिक्री संभव नहीं थी, लेकिन अब पंजीकरण के पश्चात इस हिमाचली उत्पाद के लिए यूरोपीय देशों के बाजार भी खुल गए हैं। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार हिमाचल के पारंपरिक उत्पादों को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि स्थानीय कारीगरों और बुनकरों को लाभ पहुंचाने के लिए कई नवीन पहल की गयी हैं। उन्होंने कहा कि कुल्लू शॉल, चंबा रुमाल, किन्नौर शॉल, कांगड़ा पेंटिंग, लाहौल के ऊनी मोजे और दस्ताने इत्यादि सहित राज्य के करीब 400 से अधिक पारंपरिक उत्पादों को आज जीआई का दर्जा प्राप्त है। इसके अतिरिक्त हिमाचली टोपी, सिरमौरी लोईया, मंडी की सेपुबड़ी, चंबा धातु शिल्प, किन्नौरी सेब और किन्नौरी आभूषणों को जीआई का दर्जा देना पंजीयक भौगोलिक संकेतक, चेन्नई, के पास विचाराधीन है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यूरोपीय संघ के साथ कांगड़ा चाय के पंजीकरण की कठिन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए हिमाचल प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी और पर्यावरण परिषद के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस उपलब्धि में योगदान के लिए कृषि विभाग, हिमालय जैव संपदा प्रौद्योगिकी संस्थान आईएचबीटी पालमपुर और कांगड़ा वैली स्मॉल टी प्लांटर्स एसोसिएशन को भी बधाई दी।

# एनएचपीसी 2 द्वारा बजौरा स्कूल में व्यक्तिगत स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

एनएचपीसी पार्बती जल विद्युत परियोजना चरण 2 में चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा-2023के तीसरे दिन 18 मई, 2023 को मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बजौरा में एनएचपीसी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ज्योतिर्मय जैन ने व्यक्तिगत स्वच्छता पर छात्रों को जागरूक करने के लिए व्याख्यान दिया। उन्होने छात्रों को पौष्टिक भोजन और व्यक्तिगत सुरक्षा के साथ साथ दांतों को ब्रश करने और हाथ किस प्रकार से धोएँ आदि के सहित व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में समझाया। उन्होने बताया कि कैसे हम अपने आपको स्वस्थ बनाए रख सकते है तथा अपने आस पास के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में पाठशाला के प्रधानाचार्य श्री हेम राज शर्मा एवं अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# ट्रैफिक नियमों का करो सम्मान: अजय सोलंकी

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में सडक सुरक्षा क्लब द्वारा आज हेलमेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक अजय सोलंकी ने भाग लिया तो वहीं विशेष अतिथि के तौर पर जिला सिरमौर पुलिस कप्तान रमन कुमार मीणा उपस्थित रहे। रोड सेफ्टी क्लब कालाअंब के अध्यक्ष सोमनाथ के द्वारा मुख्य अतिथि विधायक अजय सोलंकी को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। जबकि क्लब के सक्रिय सदस्य सुभाष चौधरी के द्वारा एसपी रमण कुमार मीणा को क्लब के उपाध्यक्ष जगमाल के द्वारा कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता व सचिव रूपेंद्र ठाकुर को सम्मानित किया गया। हेलमेट वितरण व सडक सुरक्षा को लेकर जागरूकता शिविर में दर्जनों लोगों ने हिस्सा लिया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक अजय सोलंकी ने कहा कि सुरक्षा के साथ समझौता दुर्घटनाओं को न्योता देना होता है। विधायक ने पुलिस प्रशासन से और रोड सेफ्टी क्लब से आग्रह करते हुए कहा कि ऐसे ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ पुलिस कर्मियों को चिन्हित करें ताकि उनको सम्मानित किया जा सके। वहीं जिला सिरमौर पुलिस कप्तान रमन कुमार मीणा ने नवगठित रोड सेफ्टी क्लब के प्रथम किए गए प्रयास को उत्कृष्ट बताते हुए उनकी जमकर प्रशंसा भी करी।उन्होंने कहा लिहाजा ऐसी परिस्थिति ही



ना आने दे कि ना तो आपके परिजनों को और ना आपके शुभचिंतकों को रोना पड़े। वही प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेंद्र ठाकुर ने कहा कि सडक सुरक्षा में ना केवल हेलमेट पहनना जरूरी है बल्कि नशे की हालत में गाड़ी चलाना और भी ज्यादा खतरनाक होता है।उन्होंने कहा एक सामाजिक प्राणी होने के नाते समाज के हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि पुलिस और रोड सेफ्टी क्लब के साथ.साथ खुद भी नैतिक दायित्व को निभाते हुए लोगों को हेलमेट पहनने और बिना नशे के गाड़ी चलाने के लिए प्रोत्साहित करें। रोड सेफ्टी क्लब के अध्यक्ष सोमदत्त ने कहा कि क्लब के द्वारा संयुक्त रूप से अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए 4 दर्जन से भी अधिक हेलमेट वितरण किए गए।उन्होंने कहा कि काला अंब औद्योगिक क्षेत्र की हरियाणा के साथ सीमा लगती है और यहां फैक्ट्रियों में काम करने वाले अधिकतर लोग बिना हेलमेट के आते हैं। सोमदत्त ने कहा कि अधिकतर दुर्घटनाओं का शिकार युवा वर्ग को उठाना पड़ा है जिसमें सबसे बड़ी वजह हेलमेट ना लगाने की रही है। उन्होंने कहा क्लब के तमाम पदाधिकारियों और सदस्यों के द्वारा संयुक्त रूप से यह निर्णय लिया गया था कि अब इस औद्योगिक क्षेत्र में आने वाला हर दो पहिया वाहन चालक हेलमेट के साथ सुरक्षित होना चाहिए। इस दौरान क्लब के द्वारा तैयार किए गए स्लोगन बगैर हेलमेट सवारी नहीं और नशे की हालत में वाहन चलाना कतई नहीं संदेश पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि कालाअंब रोड सेफ्टी क्लब ना केवल हेलमेट और सीट बेल्ट बल्कि उन ट्रैक्टर चालकों को भी चेतावनी जारी करता है कि यदि उन्होंने प्रेशर होरन और ट्रैक्टर पर लगाए गए बड़े-बड़े डीजे नहीं हटाए तो इसकी शिकायत पोलूशन विभाग के साथ साझा की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रथम बार सिर्फ चेतावनी दी जाएगी और उसके बाद कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने क्लब के सदस्यों की ओर से लिए गए प्रण को दोहराते हुए कहा कि हमारा अब यह दायित्व रहेगा कि काला अंब थाना पुलिस के सहयोग के साथ सडक सुरक्षा में कंधे से कंधा मिलाकर कम से कम सडक पर लोगों को सुरक्षित किया जाएगा।

# मंदली स्कूल में 20 ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंदली स्कूल में वीरवार को एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सेवानिवृत्त कर्नल तरसेम राणा ने मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की। तरसेम राणा ने बताया कि रक्तदान महादान है। हम रक्तदान से किसी को जीवनदान दे सकते हैं, इसलिए हमें मिलकर ऐसे आयोजनों में भाग लेना चाहिए। एनएसएस प्रभारी सुनील कुमार ने सभी स्वयंसेवियों को आने वाले जीवन में रक्तदान महादान पर जागरूक किया। दिनभर चले रक्तदान शिविर में 20 ने रक्तदान कर पुण्य कमाया।

# अवैध खुदाई के चलते कालाअंब की फैक्ट्री पर मंडराया गिरने का खतरा

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला सिरमौर के औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब स्थित मैसर्ज एसोसिएट्स नॉन वूवैन फैक्टरी को खुदाई से खतरा पैदा हो गया है। आरोप है कि फैक्टरी के निचली तरफ अवैध तरीके से खुदाई का काम चल रहा है। इससे फैक्टरी की सुरक्षा दीवार की नींव भी नजर आने लगी है। उद्योग पर मंडरा रहे खतरे को देखते हुए बुधवार को उद्योग के महाप्रबंधक ने उपायुक्त सिरमौर व एसडीएम से मिले। इस दौरान उन्होंने शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की। फैक्टरी महाप्रबंधक संजीव नैय्यर ने बताया कि कालाअंब में सुकैती सडक पर चल रही फैक्टरी के



नीचे अवैध खुदाई से नींव दिखने लगी है।
फैक्टरी में 80 कामगार दिन-रात कार्य कर रहे हैं। यदि खुदाई कार्य से जान-माल का नुक्सान होगा तो इसकी भरपाई कौन करेगा। उन्होंने बताया कि मामला सिविल कोर्ट में विचाराधीन है, यहां खनन कर रहे कुछ लोगों ने अदालत के आदेश के बावजूद कारखाना परिसर की चारदीवारी के नीचे 15 से 20 फीट भूमि का उपयोग कर खुदाई कर ली।
इससे कारखाने को लगभग 10 लाख रुपए का भारी नुक्सान हुआ। उन्होंने जिला प्रशासन से फैक्टरी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई करने की गुहार लगाई। एसडीएम नाहन रजनेश कुमार ने बताया कि मामला अदालत में विचाराधीन है। मामला अवैज्ञानिक खनन का नहीं है।
जमीन संबंधी दो पार्टियों के बीच विवाद है। विवाद सुलझाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# प्रवासी कामगारों के बच्चों का डेटा बेस होगा तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जिला लाहौल स्पीति में प्रवासी कामगारों के बच्चों का डेटा बेस तैयार किया जायेगा और इन बच्चों को पोषण व पढ़ाई को सुनिश्चित किया जायेगा। ये बात आज केलांग में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सहायक आयुक्त संकल्प गौतम ने कही। उन्होंने प्रवासी मजदूरों के बच्चों के सर्वे कर डेटा बेस तैयार करने के निर्देश दिये, ताकि बच्चों की आंगनबाड़ी व स्कूलों में दाखिला सुनिश्चित किया जा सके और इन बच्चों को आंगनवाड़ी की मदद से पोषाहार मिले। ऐसे बच्चे जिनके



अविभावक सीमा सडक सगठन में सडक निर्माण कार्य मे लगे है इन बच्चों के आसपास के स्कूल में पढ़ाई हो और उनके लिये मिड डे मील मध्यान भोजन की व्यवस्था हो सके । उन्होंने बताया कि जिला में बाल शोषण व बच्चों से भिक्षावृत्ति और बाल मजदूरी के मामले नही है लेकिन जिला बाल संरक्षण इकाई जिला में जागरूकता अभियान समय समय पर चलाये ताकि बाल शोषण न हो। बैठक में जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ हीरानन्द ने मिशन वात्सल्य, बाल कल्याण समिति के कार्य व उत्तरदायित्व, विशेष किशोर पुलिस इकाई के कार्य व प्रधानमंत्री बाल देखभाल योजना सहित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिये बाल संस्थानों की सुविधा जैसे विषय पर विचार रखे। बैठक में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष कुन्दन शर्मा, उपनिदेशक उच्च शिक्षा सुरेश विद्यार्थी,जिला पंचायत अधिकारी संजय कुमार , जिला कार्यक्रम अधिकारी खुशविन्दर ठाकुर, व किशोर न्यायालय बोर्ड के सदस्य हीरा लाल आजाद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रिवालसर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने आयोजित किया वाई20 कार्यक्रम




**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

त्रिवेणी संगम- रिवालसर में ब्रह्माकुमारींज की ओर से जी20 के अन्तर्गत बाई20 का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया । स्थानीय लोगों के साथ साथ विभिन्न स्कूलों के लगभग 400 बच्चों ने भी भाग लेते हुए एक जागरूकता रैली निकाली।
कार्यक्रम में बीके अरुण भाई यूथ विंग कॉर्डिनेटर पंजाब जोन एबीके किरन दीदी प्रभारी कुल्लू और डॉ आरके अभिलाषी चांसलर अभिलाषी युनिवर्सिटी, कबड्डी की नेशनल प्लेयर भावना ठाकुर और डॉ. शुभम सहित कई गणमान्य नागरिक और स्कूलों के टीचर भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था कि कैसे अपनी युवा पीढ़ी को हम विश्व मंच पर आगे बढ़ा सकते सकते हैं।
कार्यक्रम में सभी बच्चों ने बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ पार्टिस्पेट किया और साथ में पैनल डिस्कस हुई। भाई अरुण ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को मैडिटेशन करवाते हुए इससे होने वाले फायदों से अवगत करवाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में नशा मुक्ति नाटक के द्वारा समाज पर नशे से होने वाले दुष्प्रभावों से बचने का युवाओं को संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान रिवालसर बाजार में मेरा भारत नशा मुक्त भारत के थीम से एक रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम के अंत में वशिष्ठ लोगों को ईश्वरीय उपहार भेंट किए गए।

# दुकानधारक वस्तुओं की मूल्य सूची प्रदर्शित करना करें सुनिश्चित

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

जिला नियन्त्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले सोलन नरेन्द्र कुमार धीमान ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश वस्तु मूल्याकंन व प्रदर्शन आदेश, 1977 तथा हिमाचल प्रदेश जमाखोरी व मुनाफाखोरी उन्नमूलन आदेश, 1977 को बहाल कर दिया है। उन्होंने कहा कि इन आदेशों के अनुसार प्रत्येक दुकानधारक को बिक्री के लिए रखे गए फल व सब्जियों की मूल्य सूची सहज दृश्य स्थल पर प्रदर्शित करना व इसके समस्त खरीद से सम्बन्धित बिल दुकानदार द्वारा रखना अनिवार्य है।

# भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के लिए प्रबंधन समितियों की समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भारतीय जनता पार्टी की एक दिवसीय कार्यसमिति बैठक शिमला पीटर हॉफ में 20 मई 2023 को प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल की अध्यक्षता में होगी जिसकी व्यवस्था के लिए आज भाजपा कार्यालय दीपकमल में 17 प्रबंधन समितियों की बैठक हुई। इस व्यवस्था बैठक में मुख्यत नवनियुक्त संगठन महामंत्री सिद्धार्थन और प्रदेश महामंत्री त्रिलोक जम्वाल का मार्गदर्शन कार्यकताओं को प्राप्त हुआ। भारतीय जनता पार्टी की विशेष कार्यसमिति बैठक केंद्र सरकार के सफल 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में केंद्रीय नेतृत्व द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम की रुपरेखा के बनाने के निमित्त रखी गई है। केंद्र सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल पूरा होने पर प्रदेश




भर में महा जनसमपर्क अभियान के तहत 1जून से 30 जून तक व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिसकी विस्तृत रुपरेखा को इस एक दिवसीय कार्यसमिति में अंतिम रूप दिया जाएगा।
इस माह भाजपा महा-जनसंपर्क अभियान बूथ स्तर पर चलाएगी। प्रबंधन समितियां जहाँ विभिन्न व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग करेगी वहीं युवा मोर्चा साज-सज्जा के माध्यम से सभा स्थलए प्रांगण ० झंडे-डंडे लगाकर प्रदेश कार्यसमिति के दौरान शहर को भगवामय बनायेंगे। इस प्रदेश कार्यसमिति बैठक में प्रदेश भर से लगभग 300 प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाग लेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना, सह प्रभारी संजय टंडन, पूर्व मुख्यमंत्री प्रो प्रेम कुमार धूमल, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, सांसद संगठन महामंत्री सिद्धार्थन इंदु गोस्वामी, सिकंदर कुमार, किशन कपूर, सुरेश कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। आज की बैठक में मुख्यत संगठन महामंत्री सिद्धार्थन जी, प्रदेश उपाध्यक्ष पुरषोतम गुलेरिया, रतन पाल, पायल वैद्य, 2022 भाजपा के प्रत्याशी संजय सूद, रवि मेहता, अजय श्याम, करण नंदा, चेतन बरागटा, विजय परमार, प्यार सिंह अंजना शर्मा उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य मेले में घर द्वार पर मिलेगी मरीजों को इलाज की सुविधाएं

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

जिले के लोगों को अब छोटे-मोटे इलाज के लिए अपना दिन बर्बाद करके अस्पताल तक नहीं दौड ?ा पड़ेगा उन्हें घर द्वार के नजदीक ही टेस्ट और इलाज करवाने की सुविधा मिलेगी ।साथ ही उन्हें वहां मौके पर ही दवाइयां भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। स्वास्थ्य विभाग हमीरपुर ने इसे लेकर एक नई मुहिम शुरू की है। स्वास्थ्य विभाग आपके द्वार कार्यक्रम के आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ आज सीएमओ हमीरपुर डॉक्टर आरके अग्निहोत्री ने किया इस अवसर पर उनके साथ बीएमओ केके शर्मा,



जिला स्वास्थ्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनील सहित अन्य लोग मौजूद रहे। जिला हमीरपुर स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुरू मुहिम के तहत हर ब्लाक में गांव स्तर पर छोटे-छोटे स्वास्थ्य मेले आयोजित करके लोगों के टेस्ट कर उनकी बीमारियों को जांचने का काम किया जाएगा। हमीरपुर जिला के नादौन उपमंडल के जोलसप्पड़ में आयोजित इस कैंप के दौरान मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम ने आए हुए रोगियों की जांच की। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मरीजों को अपना बीपी शुगर और दूसरे कई तरह के टेस्ट भी निशुल्क करवाए जिन्हें करवाने के लिए या तो जिला अस्पताल तक जाना पड़ता था या फिर सीएचसी में और कई बार लोगों को पैसे काट कर के निजी लैब में टेस्ट करवाने पड़ते थे लेकिन अब उन्हें इनकी सुविधा घर के नजदीक मिलेगी स्वास्थ्य विभाग आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लोगों को गांव में फ्री इलाज की सुविधा दी गई। सीएमओ डॉक्टर आरके अग्निहोत्री ने बताया कि विभाग ने स्वास्थ्य विभाग आपके द्वार कार्यक्रम शुरू किया है फील्डस्तर पर इस तरह के मेले हर पंचायत स्तर पर लगाने की योजना है यहां ना केवल विभाग द्वारा अलग-अलग बीमारियों को लेकर टेस्ट किए जाएंगे बल्कि लोगों को दवाइयां भी मौके पर उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि लोगों की दौड़ बड़े अस्पताल तक जाने की बस जाएगी अगर किसी को बड़े इलाज की जरूरत है तो फिर उसे आगे रेफर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ब्लॉक अधिकारी को निर्देश दिए गए कि 10 सप्ताह में कम से कम 2 दिन इस तरह के मेले आयोजित करें जिसमें बीमारियों की प्रॉपर ढंग से विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्क्रीनिंग की जाए इसका आम लोगों को बहुत ज्यादा फायदा मिलेगा और लोग भी इस तरह के मेले में आकर अपने टेस्ट करवाएं।

# पर्यावरण सुरक्षा को लेकर जागरूकता शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला सिरमौर के उपमंडल शिलाई शिक्षा खंड बकरास के अंतर्गत शहीद कल्याण सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हलाँ में पर्यावरण सुरक्षा के संदर्भ में वन विभाग द्वारा एक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।
शहीद कल्याण सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हलाँ के प्रधानाचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक राम भज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वन विभाग के लौजा बीट के वनरक्षक कैलाश तोमर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं अन्य विद्यार्थियों को पर्यावरण



सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। कैलाश तोमर ने बताया कि पर्यावरण से वातावरण को किस तरह से दूषित होने से बचाना है इस संदर्भ में समूचे भारतवर्ष में पंचायतों तथा विद्यालय के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में विद्यार्थियों को पर्यावरण सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। पर्यावरण सुरक्षा के अवसर पर विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर भी आयोजित किया गया।
इस दौरान स्वयंसेवकों के द्वारा विद्यालय परिसर, विद्यालय में लगे देवदार के पौधों, फूलों एवं अन्य पौधों की गुड़ाई, नेलाई, दीवारों में उगी घास, गोद लिए हुए गांव भीब की ओर जाने वाले रास्तों की सफाई, एवं झाड़ियों को काटा गया।

# मौहल में हुआ युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रण पर युवाओं संग हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुलवी**

नेहरू युवा केंद्र कुल्लू युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से कारसेवा संस्था द्वारा 17 मई को डीएवी स्कूल मौहल में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के के पंच प्रण को लेकर युवाओ से परिचर्चा भी हुई।पीएम मोदी के पहला प्रण-विकसित भारत का लक्ष्य, दूसरा प्रण-गुलामी के हर अंश से मुक्ति, तीसरा प्रण-अपनी विरासत पर गर्व करना, चौथा प्रण-एकता और एकजुटता और पांचवां प्रण-नागरिकों में कर्तव्य की भावना का होना है।इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि कारगिल वॉर हीरो



ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर शिरकत की और नेहरू युवा केंद्र कुल्लू की जिला युवा अधिकारी सोनिका चंद्रा, डीएवी स्कूल मौहल की प्रधानाचार्या अंशु सूद भी विशेष तौर पर मौजूद रही।इसमें युवाओ को पीएम मोदी के पंच प्रण की जानकारी देने के लिए बतौर स्त्रोत व्यक्ति डॉ. रत्नेश त्रिपाठी, शैलजा राईना, चाँद रानी शर्मा और मनदीप सिंह मौजूद रहे। वही पंच प्रण को पूरा करने के लिए शपथ भी ली गयी। वही मंच संचालन की भूमिका नेहरू युवा केंद्र कुल्लू की स्वयंसेवी हर्षना ने किया। मुख्यतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। प्रोफेसर डॉ रत्नेश त्रिपाठी ने छात्रों को पीएम मोदी के पंच प्रण के पहले प्रण विकसित भारत के लक्ष्य के बारे में बताया कि 1950 से अभी तक अलग अलग सरकारों ने विकास के नए-नए आयाम स्थापित किये उसी क्रम में क्योंकि भारत युवा देश है जिसमे 18 साल से कम आयु के लोग लगभग 45 करोड़ है जिनके कंधो पर भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हैं। एसडीजी के 17 लक्ष्य निर्धारित है उसको अगर भारत हासिल कर लेता है तो भारत को विकसित होने से कोई नहीं रोक सकता।मानव विकास सूचकांक के अलग अलग बिंदु को लक्ष्य बनाकर पूरा करना जिसमे प्रमुख रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा सफाई, मातृ मृत्यु दर को एक निश्चित बिंदु पर रोकना। वही शैलजा राईना ने छात्रों को पीएम मोदी के पंच प्रण के दूसरे प्रण गुलामी के हर अंश से मुक्ति के बारे में बताया और कहा कि हमें अपना स्वार्थ छोड़ देना चाहिए और अच्छा कार्य करना चाहिए जिससे हम गलत बातों की गुलामी का शिकार नहीं होंगें और साथ ही तीसरे प्रण अपनी विरासत पर गर्व करना के बारे में बताया।उन्होंने कहा कि विरासत वह है जो हमें पूर्वजों ने जिसे कई वर्षो से हमारे लिए संजोकर कर रखा है वह विरासत है।हमें विरासत में बहुत कुछ मिला है उसे हमें संजोकर रखना है वह तभी हो सकता है जब हम अपने कर्तव्य और अधिकारों को समझेंगें।

# हब एंड स्पोक मॉडल पर आधारित होगी कचरा निष्पादन व्यवस्था: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा है कि चंबा जिला में हब एंड स्पोक मॉडल पर आधारित कचरा निष्पादन व्यवस्था सुनिश्चित बनाई जाएगी।उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में कचरा निष्पादन व्यवस्था के लिए यह आवश्यक है कि जिला के ग्रामीण क्षेत्रों से प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित बनाई जाए। ऐसे में विशेषकर युवा वर्ग का यह दायित्व बनता है कि वे जिला प्रशासन का सहयोग करें। उपायुक्त आज जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के तत्वावधान में अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में भाग लेते हुए बोल रहे थे।



कार्यशाला में पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवकों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में ग्रे वॉटर मैनेजमेंटए फिकल मैनेजमेंट व ठोस कचरा प्रबंधन के लिए तैयार की गई कार्य योजना इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उपायुक्त ने ठोस कचरा प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर देते हुए खंड स्तर पर प्लास्टिक प्रबंधन यूनिट स्थापित करने के निर्देश देते हुए ग्राम पंचायत स्तर पर क्लस्टर आधारित गतिविधियां शुरू करने के निर्देश जारी किए । उन्होंने कहा कि शुरूआती तौर पर प्रत्येक उपमंडल की दो पंचायतों को मॉडल पंचायत बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कचरा निष्पादन व्यवस्था को सुनिश्चित बनाने के लिए जन सहभागिता बेहद जरूरी है।

# पूर्व विधायक की स्मृति में उनकी पत्नी करवाएंगी बध्यात स्कूल के एक कमरे का निर्माण

**▶▶ बध्यात स्कूल से हुई थी स्वर्गीय पूर्व विधायक सदा राम ठाकुर की प्रारंभिक शिक्षा**

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

पूर्व में रहे सदर बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक स्व सदा राम ठाकुर की धर्मपत्नी नीलम ठाकुर ने अपने पति की याद में राजकीय उच्च विद्यालय बध्यात में एक कमरे का निर्माण करवाने का निर्णय लिया। उनके द्वारा छात्र हित में लिए गए इस निर्णय पर लोगों ने सराहना की। बताते चले कि कोई समय था जब अपने बाल्य समय में इस







विधानसभा से पूर्व में रहे स्वर्गीय पूर्व विधायक सदा राम ठाकुर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा इसी विद्यालय से ग्रहण की थी। इस कमरे के निर्माण हेतु लगभग तीन से चार लाख रुपए की लागत आएगी। नीलम ठाकुर स्वयं भी शिक्षा विभाग से प्रवक्ता इकोनॉमिक्स के पद से सेवानिवृत हुई हैं । राजकीय उच्च विद्यालय बध्यात में कमरों की कमी के चलते एक कक्षा के छात्रों को कमरा उपलब्ध नहीं है। जिस कारण ये कक्षा कभी बरामदे में तो कभी पीपल के पेड़ के नीचे लगानी पड़ रही है। नीलम ठाकुर एक समाजसेविका भी है। एक दिन उन्होंने ऐसे ही स्कूल का अचानक दौरा किया और स्कूल स्टाफ व बच्चों से मिले। विद्यालय परिवार ने उन्हें स्कूल से परिसर का भ्रमण करवाया। जब उन्हें स्थिति का पता चला तो तुरंत एक कमरे का निर्माण करवाने की हामी भरी ताकि इन बच्चों के बैठने का उचित प्रावधान हो सके और उनकी शिक्षा दीक्षा में कोई रुकावट न आए। उन्होंने ने भविष्य में भी विद्यालय के विकास के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

विद्यालय से निकले मोतियों व स्थानीय जनता से भी विद्यालय के विकास में हर संभव सहयोग करने का आग्रह किया। विद्यालय प्रमुख डॉ रमेश शर्मा तथा समस्त अध्यापक वर्ग ने नीलम ठाकुर को विद्यालय प्रतिपालक के रूप में सहयोग जारी रखने का निवेदन किया तथा इस सराहनीय कार्य के लिए समस्त विद्यालय परिवार ने आभार प्रकट किया।

# एबीवीपी ने चलाया समाजिक अनुभूति अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने वीरवार को ऊना में समाजिक अनुभूति अभियान की शुरूआत की।

पहले दिन वीरवार को विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने छतेहड़ व कुठार खुर्द गांव में अभियान के बारे ग्रामीणों को जारूक किया। विद्यार्थी परिषद इकाई के अध्यक्ष सक्षम ने बताया कि पूरे प्रदेश में एबीवीपी का समाजिक अनुभूति अभियान चल रहा है, इसी के चलते इकाई के कार्यकताओं के ऊना में इस अभियान की शुरूआत की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### टोयोटो किर्लोस्कर मोटर ने ग्रेट 4बाय4 एक्स पेडिशन पहल की घोषणा की



**शिमला:** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने मोटरिंग के प्रति उत्साही देश भर के लोगों के लिए 4बाय4 अनुभवात्मक ड्राइव की अपनी अब तक की प्रथम पहल की घोषणा की।यह योजना टोयोटा द्वारा ग्रैंड नेशनल 4बाय4 एक्स. पेडिशन के साथ बनाई जा रही है। ये ड्राइव इस तरह डिजाइन किये गए हैं कि देश भर के 4बाय4 एसयूवी समुदाय के साथ जुड़ा जा सके। यह आकर्षक और रोमांचकारी ऑफ.रोडिंग अनुभव प्रदान करता है। इस पहल के माध्यम से टीकेएम प्रतिभागियों को उनके साहस की भावना से जोड़ने की इच्छा रखता है और उन्हें आगे बढ़ाने,नए क्षितिज का पता लगाने तथा इस तरह मास हैप्पीनेस प्रदान करने के लिए प्रेरित करता है।प्रत्येक जोनल आयोजन में एसयूवी का बेड़ा रहेगा। इनमें मशहूर हाईलक्स,फॉरच्यूनर 4बाय4,एलसी 300 और हाइराइड एडब्ल्यूडी (ऑल व्हील ड्राइव)के गौरवशाली स्वामी शामिल होंगे। इनके अलावा इस अनुभवात्मक ड्राइव की विशिष्टता में अन्य एसयूवी ब्रांड मालिकों की भागीदारी शामिल है जो भारत में टोयोटा द्वारा आयोजित अब तक के पहले ग्रेट 4बाय4 एक्स. पेडिशन का हिस्सा होंगे।अत्यधिक ऑफ.रोडिंग की पेशकश करने की दृष्टि से टीकेएम ने कई चुनौतीपूर्ण बाधाओं के साथ अतिरिक्त 4 डब्लयूडी ट्रैक बनाए हैं जिनमें आर्टिक्यूलेशन,साइड इंक्लाइन,रैंबलर,गहरे गड्ढे,कीचड़ पथरीली जमीन आदि शामिल हैं।

### आईआईएफएल फाईनेंस के गोल्ड लोन मेला 30 जून तक गोल्ड लोन लेने वाले सभी ग्राहकों को मिल रहा है उपहार



**चंडीगढ़:** आईआईएफएल फाईनेंस भारत में 2,600 से ज्यादा समर्पित गोल्ड लोन शाखाओं के साथ भारत की सबसे बड़ी नॉन –बैंकिंग फाईनेंशल कंपनियों में से एक है।आईआईएफएल फाईनेंस ने अपना फ्लैगशिप अभियान, ह्यगोल्ड लोन मेलाह्नफिर से शुरू कर दिया है, जो 15 मई, 2023 से 30 जून, 2023 तक चलेगा ।इसके तहत 30 जून तक गोल्ड लोन लेने वाले भाग्यशाली ग्राहक कार, इलेक्ट्रिक स्कूटर, 32 ईंच का एलईडी टीवी, रेफ्रिजरेटर, स्मार्टफोन आदि अपने मेगा पुरस्कार जीत सकेंगे। सौरभ कुमार, हेड गोल्ड लोंस, आईआईएफएल फाईनेंस ने कहा, ह्यह्यग्राहकों की निष्ठा ने आईआईएफएल फाईनेंस को भारत के सबसे पसंदीदा गोल्ड लोन ब्रांड्स में से एक बना दिया है।आईआईएफएल गोल्ड लोन मेला एक बड़ा कार्यक्रम है, जो हर किसी के लिए ऑफर लेकर आया है।हम गोल्ड लोन लेने वाले सभी ग्राहकों से निवेदन करते हैं कि वो हमारी किसी भी शाखा में आएं और इस ऑफर का लाभ उठाएं।आकर्षक उपहारों के अलावा, आईआईएफएल फाईनेंस तीव्र प्रोसेसिंग, अधिकतम लोन मूल्य और आसान डिजिटल पेमेंट विकल्पों की प्रतिबद्धता के साथ प्रतिमाह सबसे आकर्षक ब्याज दरों पर गोल्ड लोन प्रदान करता है।

# अस्पताल में तैनात मेडिकल स्टाफ को एनआईटी प्रबंधन ने हॉस्टल में तैनाती का जारी किया फरमान



**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

भर्ती से लेकर हमेशा ही विवादों में रहने वाले एनआईटी हमीरपुर में कर्मचारियों की नियुक्ति को लेकर सुबह उठे हैं। प्रशासन ने एक तुगलकी फरमान जारी करते हुए एनआईटी हमीरपुर के अस्पताल में कार्यरत नर्सों को हॉस्टल में भी नाइट ड्यूटी करने के आदेश जारी कर दिए हैं। एनआईटी प्रशासन ने 12 हॉस्टलों में से मात्र एक हॉस्टल में एनआईटी हॉस्पिटल में कार्यरत नर्सों को बिना डॉक्टर और सिक्योरिटी स्टाफ के रात की ड्यूटी करने के लिए बाध्य किया है। बताया जा रहा है कि नियमों को ताक पर रखकर यह आदेश जारी किए गए हैं। एनआईटी हॉस्पिटल में पिछले कई वर्षों से आउट सोर्स पर रखी नर्सों को नियमों के विपरीत ऐसी ड्यूटी करने को बाध्य किया जा रहा। गौरतलब है कि एनआईटी हमीरपुर पर आज तक मेडिकल नैग्लीजेंस के मामले में अदालत में लंबित पड़े हैं वो भी तब जब उस समय डॉक्टर ड्यूटी पर था। ऐसे भी अब बिना डॉक्टर के नर्स को रात्रि समय में हॉस्टल में तैनात करने से मिलने पर सवाल उठना लाजमी है अब उसी एनआईटी में बिना डॉक्टर के प्रशासन ने नर्सों को हॉस्टल में नाइट ड्यूटी करने और मरीजों को दवाइयां देने को कहा जा रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में नियमों के अनुसार कोई भी नर्स बिना डॉक्टर के परामर्श से किसी भी मरीज को दवाई नही दे सकती, और नर्सेज की नाइट ड्यूटी मात्र हॉस्पिटल में पूरे सिक्योरिटी स्टाफ और डॉक्टर की मौजूदगी में लगाई जा सकती है।एनआईटी के डायरेक्टर एच.एन सूर्यवंशी ने कहा कि ये ऑर्डर आउट सोर्स एजेंसी ने निकालें है।उक्त कर्मचारी और आउट सोर्स आधार पर कंपनी के माध्यम से रखे गए हैं। आउट सोर्स एजेंसी आरके एंड कंपनी के निदेशक सुशील ठाकुर से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि जो आदेश एनआईटी प्रशासन उनको देता है वो उनका पालन करते हैं और किसी कर्मचारी को आपत्ति है तो वो उनको अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता हैं और वो इसकी सूचना एनआईटी प्रशासन को देंगे और इसमें यदि सुधार की आवश्यकता होगी तो वो की जाएगी।

# मुच्छाली के अनूप ने पास की एचपीएएस की परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उपमंडल बंगाणा के गांव मुच्छाली के अनूप शर्मा ने एचपीएएस परीक्षा उत्तीर्ण की है। अनूप शर्मा का चयन ट्रेजरी ऑफिसर के रूप में हुआ है। अनूप शर्मा ने प्राथमिक शिक्षा प्राथमिक पाठशाला कोटला खुर्द ऊना से की, जबकि बारवी की परीक्षा नॉन मेडिकल जवाहर नवोदय विद्यालय ऊना से पास करने के बाद बीटेक एनआईटी हमीरपुर से कंप्यूटर साइंस में पास की। इसके बाद स्नैपडील कंपनी गुडगाम में डेढ़ वर्ष तक सेवाएं दी। अनूप शर्मा की रूचि एचएसएएस बनने में हुई और इन्होंने दो बार यूपीएससी की परीक्षा पास की और अब तीसरी बार एचएएस पास किया।

# सीएम से मिला एचआरटीसी कर्मियों का प्रतिनिधिमंडल

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल पथ परिवहन निगम के कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगे पूरी करने को लेकर आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। इसी बीच प्रदेश सरकार ने प्रतिनिधिमंडल को मुलाकात करने के लिए राज्य सचिवालय में बुलाया। बैठक में हिमाचल परिवहन इंटक के सदस्यों ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और निगम प्रबंधन के साथ हुई बैठक में कर्मचारियों की सभी समस्याओं का चरणबद्ध तरीके से समाधान करने की बात कही गई है। हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ बैठक के बाद हिमाचल परिवहन इंटक के अध्यक्ष उमेश कुमार शर्मा ने कहा कि सरकार ने



कर्मचारियों की मांगों को सुना और कहा कि लंबे समय से कर्मचारी ओवरटाइम न मिलने की वजह से परेशान है। इसके अलावा कर्मचारियों की तनख्वाह भी समय पर नहीं आ रही है। ऐसे में ड्राइवर-कंडक्टर को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार जल्द से जल्द इनकी मांगों को पूरा करेगी। इसके अलावा कर्मचारियों की तनख्वाह और रिटायर्ड कर्मचारियों की पेंशन भी 7 तारीख से पहले आ जाएगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार जल्द ही अपने बेड़े में 75 नई बसों को शामिल करने जा रही है। इसके अलावा जगह-जगह खड़ी बसों को भी एक जगह लाकर खड़ा करने की बात कही गई है, ताकि बसों का निष्पादन सही तरीके से हो सके।

# 1355 करोड़ के घाटे में परिवहन विभाग

**▶▶ हिमाचल प्रदेश परिवहननिगम की मासिक आय 65 करोड़ है, जबकि खर्च 144 करोड़ रु होते हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम 1355 करोड़ के घाटे में चल रहा है। निगम की मासिक आय 65 करोड़ है, जबकि खर्च 144 करोड़ रुपए होते है।

एचआरटीसी के 4100 से ज्यादा रूट चल रहे हैं। निगम की 1199 बस अपना जीवन पूरा कर चुकी है। जिनमें से 369 बसों को बेड़े से हटाया जा रहा है। उनके स्थान पर 600 नई बसें खरीदी जाएंगी। एचआरटीसी के बेड़े में 196 नई बसें शामिल की गई है। 75 ई-सिटी बस का ऑर्डर दे दिया गया है। वहीं एचआरटीसी 225 और नई इलेक्ट्रिक बसें खरीदने जा रहे हैं। अग्निहोत्री ने शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने बताया कि नई बसें आने से निगम के बेड़े में 300 इलेक्ट्रिक बसें हो जाएगी। इसके साथ डीजल बसें भी रखनी पड़ेगी। कर्मचारियों को हर माह 7 तारीख को वेतन दे दिया जाएगा। वहीं 7700 पेंशनरों को पेंशन देने में देरी हो रही है। सरकार 9 करोड़ पेंशन के लिए दे रही है। 39 माह का रात्रि भत्ता लंबित पड़ा है, उसका भी प्रावधान किया जा रहा है। सरकार ने अवैध वॉल्वो बस माफिया पर नकेल कसने के लिए कैबिनेट में फैसला ले लिया है। उनसे अब 5 हजार प्रतिदिन के हिसाब से टैक्स वसूला जाएगा। इससे 9 लाख सालाना आय होगी। जिसके लिए कर्मचारी तैयार हैं। एचआरटीसी कर्मियों से एचआरटीसी की आय बढ़ाने के लिए यूनियन से सुझाव मांगे गए है।

**HPPWD NOTICE INVITING TENDER BHARWAIN DIVISION HPPWD BHARWAIN TEHSIL AMB DISTRICT UNA (H.P).**

Sealed tenders on item rates basis are hereby invited on behalf of Governor of Himachal Pradesh by the Executive Engineer Bharwain Division, HPPWD, Bharwain Tehsil Amb District Una (HP) from the experienced contractors/ firms enlisted in appropriate class with Himachal Pradesh PWD for the following works. The tender shall be received in his office on or before **07.06.2023** up to 10.30 A.M and shall be opened on the same day at 11.00 A. M in the presence of contractors / firms or their authorized representatives , who wish to be present at the time of opening of tenders. The tender applications shall be entertained and tender form shall be sold up to two days before the date of opening of tender i.e **05.06.2023** up to 12.00 Noon. Draft Notice Inviting Tenders/ Drawing/ Specifications can be seen in the office of the Executive Engineer on any working day between 11.00 A. M to 4.00P. M. Ambiguous / Telegraphic / Conditional tenders or tender by Fax shall not be entertained/ considered in any case. The earnest money in the shape of National Saving Certificate / Time Deposit Account / FDR in any of the Post Office in H.P / Nationalized Bank duly pledged in favour of Executive Engineer must be accompanied with the application. Conditional tenders and the tenders received without earnest money will out rightly be rejected. The contractor shall accompany his enlistment/ renewal orders with his application for obtaining the tender documents. The Executive Engineer reserves the right to reject the tender without assigning any reasons. The work will be completed by the contractor within the stipulated period. The contractor will have to submit his registration under the H. P General Sale Tax Act 1968 and also labour license under contract Act 1970 from the competent authority. The contractors/ firms are requested to insert the rate of each item in words as well as figures, failing which XEN reserves the right to accept/ reject any or overall tenders. The tender shall only be issued to those contractors/ firms, who are found eligible/ suitable and competent as per the above conditions. The offer shall remain valid up to 45 days after the opening of tender. If any of the date mentioned above happens to be Local / Gazetted Holidays the same shall be process on next date. **The contractor should be registered as dealer under GST Act, Valid copy of Registration as required, copy of PAN Card, EPF failing which no tender form will be issued to him.**

| Sr No | Name of work. | Estimated cost. | Earnest Money | Time Limit | Form No. | Cost of Form. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repair/ restoration of link road Bhatehar to Baret km 0/0 to 2/500 (SH: C/O Retaining wall at RD 0/910 to 0/920) | 319000/- | 6400/- | One month | PWD-8 | 350/- |
| 2. | Repair/ restoration on BharwainChintpurniTalwara road km 0/0 to 15/310 (SH: C/O Retaining wall at RD 14/280 to 14/300 LHS) | 389000/- | 7800/- | One month | PWD-8 | 350/- |
| 3. | Repair/ restoration on BharwainChintpurniTalwara road km 0/0 to 15/310 (SH: C/O Retaining wall at RD 10/326 to 10/336 LHS) | 225000/- | 4500/- | One Month | PWD-8 | 350/- |
| 4. | Repair/ restoration on BharwainChintpurniTalwara road km 0/0 to 15/310 (SH: C/O Retaining wall at RD 13/393.70 to 13/395.70 & 13/401.80 to 13/408) | 363559/- | 7300/ | One month | PWD-8 | 350/- |
| 5. | Restoration of rain damages of various roads under Bharwain Sub Divn. (Chintpurni Section) (SH: Maintenance work for various items like earthen shoulders unlined drain & removal of land slide etc.) | 498592/- | 10000/- | One month | PWD-8 | 350/- |
| 6. | C/O link road to MohallaTalap km 0/0 to 1/500 (SH: Providing service on/ out sources bases of one No. Draughtsman for period 15 May 2023 to 30 November 2023) under MNP | 168810/- | 3400/- | Six months | PWD-8 | 350/- |
| 7. | C/O link road KamtaSidh to RadheyShayamMandirThanikpura km 0/0 to 1/250) MNP | 446943/- | 9000/- | One month | PWD-8 | 350/- |
| 8. | Repair/ restoration of link road DaulatpurChintpurni km 0/0 to 14/870 (SH: P/L 40mm thick bitumen mastic wearing course on Badmana Bridge & painting at RD 10/030) | 175155/- | 3600/- | One month | PWD-8 | 350/- |
| 9. | Repair/ restoration of link road from Channi Devi to Amba Da Padhar km 0/0 to 3/800 (SH: P/L 40mm thick bitumen mastic wearing course on LoharaKhad Bridge & painting at RD 2/850) | 175155/- | 3600/- | One month | PWD-8 | 350/- |

RO No. 0691/2023-2024 -Him SuchnaAvamJansampark-

# मोटा अनाज स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद: जीत सिंह ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

कृषि मंत्रालय भारत सरकार व कृषि विभाग मंडी आत्मा के सौजन्य से कृषि कार्यालय खलियार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में उद्यान विभाग, कृषि विभाग, बैंक के अधिकारयों सहित मंडी जिला के किसानों ने भाग लिया।कार्यशाला की अध्यक्षता धर्मशाला कृषि विभाग से आए अतिरिक्त निदेशक डॉ जीत सिंह ठाकुर ने की जबकि कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि कृषि मंत्रायल भारत सरकार के संयुक्त निदेशक डॉक्टर विक्रांत सिंह और अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज परियोजना के सलाहकार डॉ. स्वाति रौतेला ने भाग लिया।

इस अवसर पर कृषि मंत्रायल भारत



सरकार के संयुक्त निदेशक डॉक्टर विक्रांत सिंह ने कहा कि कृषि मंत्रालय ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष मनाने का निर्णय लिया है ताकि पोषक अनाजों व्यंजनों व मूल्य वर्धित उत्पादों को विश्व स्तर पर पहचान दी जा सके। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्रालय के विभिन्न दलों द्वारा अलग-अलग राज्यों में जाकर इस विषय पर राज्य सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं इसकी समीक्षा की जा रही है और साथ ही उनके सुझाव भी लिए जा रहें है। परियोजना निदेशक डॉक्टर देशराज शर्मा और अतिरिक्त निदेशक डॉ. जीत सिंह ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने भी इस आयोजन को बड़े पैमाने पर मनाने के लिए गतिविधियां शुरू कर दी है और इसके लिए कृषि विभाग द्वारा विभिन्न घटकों को शामिल करते हुए एक कार्य योजना तैयार की है।

इसके अंतर्गत परंपरागत कृषि विकास योजना, आत्मा, भारतीय प्राकृतिक किसान पद्धति व राष्ट्रीय शपथ खेती मिशन के तहत संगठित किसान समूहों को इस कार्यक्रम के अंतर्गत कवर किया जाएगा और राज्य में पोषक अनाज उगाने के इच्छुक किसानों को व्यक्तिगत रूप में प्रोत्साहन दिया जाएगा।

# संपादकीय

## डबल इंजन सरकार के मायने

**कर्नाटक** विधानसभा के चुनावों में जहां एक ओर कांग्रेस पार्टी ने136 सीटें जीतकर एकतरफा विजय प्राप्त की, वहीं भाजपा 65 सीटों पर ही सिमट कर रह गई. इसको लेकर सिर्फ कांग्रेस पार्टी में ही नहीं बल्कि पूरे विपक्ष में एक उल्लास का माहौल है. ऐसा लगता है कि कर्नाटक विधानसभा का चुनाव जीतने और वहां कांग्रेस पार्टी को सत्ता मिल जाने से भविष्य में पूरे देश में विपक्ष का परचम लहराएगा. मध्य प्रदेश, राजस्थान,छत्तीसगढ़ तेलंगाना एवं मिजोरम के आने वाले विधानसभा चुनाव में क्या होगा,यह तो भविष्य ही बता सकता है.लेकिन जहां तक 2024 के लोकसभा चुनाव का प्रश्न है,वहां के लिए तो विपक्ष की सत्ता मिलना एक दिवास्वप्न ही कहलाएगा.बड़ी बात यह है कि जब पूरे देश में प्रो इनकंबेंसी का फैक्टर प्रभावीहैतो कर्नाटक में ऐसा क्यों? जबकि भाजपा का कहना है, कांग्रेश एक परिवारवादी पार्टी है, भ्रष्टाचार की पक्षधर पार्टी है,कुशासन की पर्यायहैतो फिर गौर करने का विषय है कि भाजपा के विरुद्ध जनादेश क्यों? भाजपा का नारा रहता है कि उसकी केंद्र में सरकार है, इसलिए प्रदेश में भी यदि भाजपा की सरकार बनेगी तो डबल इंजन की सरकारप्रदेश और जनता के हित में ज्यादा बेहतर तरीके से काम कर सकती है. लेकिन जैसा कि एक राजनीतिक विश्लेषक का कहना है यदि एक इंजन तो बहुत ठीक है लेकिन दूसरे इंजन से धुआं निकल रहा है तो फिर डबल इंजन की सरकार की प्रासंगिकता संदिग्ध हो जाती है.कर्नाटक में भी कुछ ऐसा ही हुआ. केंद्र में बैठी मोदी सरकार को लेकर जहां देश के जनमानस में सकारात्मकता का माहौल है वही प्रदेशों की कुछ भाजपा सरकारों को लेकर नकारात्मकता का माहौलहै. कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक की बोम्मई सरकार को 40% कमीशन वाली सरकार कहकर प्रचारित किया. इसमें अतिशयोक्ति भले रही हो लेकिन इसमें कहीं न कहीं सच्चाई तो जरूर थी. तभी तो यह नारा मतदाताओं के ऊपर चिपक गया.. निश्चित रूप से कर्नाटक में भाजपा की पराजय का सबसे बड़ा कारण यह था, जैसे भाजपा से सुशासन की अपेक्षा थी,, वह नहीं दे पाई.. भाजपा की पराजय के दूसरे भी कारण थे, जैसे मुस्लिम मतदाताओका कांग्रेस के पक्ष में पूरी तरह दूर ध्रुवीकृत हो जाना. कांग्रेस पार्टी द्वारा कर्नाटक के मतदाताओं से किएगए वह वायदे जिनमें हर घर को 200 यूनिट बिजली मुफ्त, परिवार की प्रत्येक मुखिया महिला को ?2000 प्रतिमाह,बेरोजगारों को प्रतिमाह ?3000 भत्ता.,महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा इत्यादि थे. कांग्रेस पार्टी ने यह सब उसी तर्ज पर किया जैसे केजरीवाल ने दिल्ली में किया था. अब इन वायदों को कांग्रेस पार्टी की सरकार कैसे पूरा कर पाती है? यदि वायदे पूरा कर भी पाती है तू इससे बुनियादी विकास के मामले कैसे प्रभावित होंगे? इसमें कोई किंतु परंतु नहीं है. जैसा कि कांग्रेश जन प्रचारित कर रहे हैं इस विजय में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का योगदान है वह पूरी तरह बेबुनियाद है. यदि ऐसा होता तो गुजरात जैसे दूसरे राज्यों में जो चुनाव हुए वहां पर राहुल गांधी की यात्रा का असर क्यों नहीं पड़ा? यदि किसी व्यक्ति विशेष के चलते यह चुनाव प्रभावित हुआ तो यह कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे के चलते हुआ, जिससे अनुसूचित जाति के 1 वर्ग के मतदाताओं का वोट कांग्रेस के पक्ष में चला गया.लेकिन बड़ी बात यह है की उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में जहां नगरीयचुनावों में डबल इंजन से और आगे चलकर ट्रिपल इंजन की सरकार का नारा चल गया और उत्तर प्रदेश में भाजपा ने जहां 17 के 17 मेयर पद के चुनाव जीत लिए वहीं अधिकांश नगर पालिका और नगर पंचायतों में भी वह विजयीरही. इतना ही नहीं भाजपा की सहयोगीपार्टी अपना दल ने प्रदेश के दोनों उपचुनावों में अपना परचम फहराया. बड़ी बात यह है कि मुस्लिम बहुल सीट स्वार में जो आजम खान के बेटे की परंपरागत सीट थी।

# ड्रोन से छद्म युद्ध का बढ़ता खतरा



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

> ❝ड्रोन हमले अक्सर कानूनी और नैतिक दुविधाएं पैदा करते हैं. उनकी मारक क्षमता उसे चलाने वाले के कौशल पर निर्भर रहती है। ये उम्मीद कि हथियारों को सीमित करने के समझौतों से उनके इस्तेमाल पर रोक लगाई जा सकेगी, अब तक बेमानी साबित हुई है। अमेरिका अपनी टेक्नोलॉजी को अपने बेहद करीबी सहयोगियों के अलावा किसी अन्य देश को देने का अनिच्छुक रहा है, जबकि अन्य देश ऐसा भेदभाव नहीं करते हैं। निस्संदेह यूएवी जिस तेजी से बढ़ रहा है उसे रोक पाना मुश्किल लगता है। 100 से अधिक देश और बगैर देश वाले समूहों के पास ड्रोन मौजूद हैं. इनमें से कइयों के पास तो सशस्त्र ड्रोन मौजूद हैं। कोई देश या समूह जो लड़ाकू जेट खरीदने का जोखिम नहीं उठा सकते वे ड्रोन खरीद सकते हैं❞

**लड़ाई** के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन कभी सैन्य महाशक्तियों के पास ही हुआ करते थे, लेकिन अब ये विद्रोहियों, छोटे मुल्कों के पास भी मौजूद हैं और युद्ध के तरीके को बदल रहे हैं। जिस पाकिस्तान का जन्म ही भारत के प्रति दुश्मनी से हुआ है, उससे हर दौर में घात-प्रतिघात के प्रति हमें सचेत रहना होगा। केंद्र में मजबूत सरकार आने के बाद जब सीमाओं पर सुरक्षा बलों की चैकस उपस्थिति है और रक्षाबलों-सेना को फैसले लेने की आजादी मिली है, तो पाकिस्तानी घुसपैठ पर भी अंकुश लगा है। दशकों से की जा रही घुसपैठ के रुकने से बौखलाए पाक के सत्ता प्रतिष्ठानों व खुफिया एजेंसियों ने ड्रोन के जरिये छद्म घात शुरू किया है। जम्मू-कश्मीर व पंजाब में निरंतर नशीले पदार्थों की आपूर्ति व लगातार बरामद होती खेपें इस संकट को बता रही हैं। निस्संदेह यह बड़ा अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र है कि अफगानिस्तान से निकलने वाली नशे की खेपें हवाई, सड़क व समुद्री मार्ग से भारत भेजी जा रही हैं ताकि युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट किया जा सके। वहीं आतंकी व कट्टरपंथी संगठनों के लिये आर्थिक संसाधन जुटाये जा सकें। पिछले दिनों राजौरी में नियंत्रण रेखा के पास एक गांव से नशीले पदार्थों और हथियारों की बरामदगी पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये अंजाम दिये जा रहे नार्को-आतंकवाद की ओर इशारा करती है। कमोबेश इसी तरह पंजाब की सीमा पर भी अत्याधुनिक हथियारों व नशे की खेप ड्रोन के जरिये गिराने के भी तमाम मामले विगत में प्रकाश में आते रहे हैं। निस्संदेह, यह एक सुनियोजित खतरनाक साजिश है जिसमें चीन में निर्मित ड्रोनों के प्रयोग की बात भी सामने आती रही है। ऐसे में यह स्थिति सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती पैदा कर रही है क्योंकि तकनीक के जरिये लड़े जा रहे छद्म युद्ध का मुकाबला अत्याधुनिक तकनीक के जरिये ही किया जा सकता है। यह भी एक हकीकत है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ड्रोन की सहज उपलब्धता तथा सुरक्षा बलों की ओर से रात्रि व खराब मौसम में उन पर नजर रख पाने में मुश्किल के चलते यह चुनौती जटिल होती जा रही है। निस्संदेह, थल सीमा पर सुरक्षा बलों की सजगता-सतर्कता से आतंकवादियों व पाक पोषित नशा तस्करों की थल मार्ग से घुसपैठ मुश्किल हुई है। लगातार मार गिराये और खदेड़े गये ड्रोनों की संख्या बताती है कि यह साजिश किस पैमाने पर हो रही है। साथ ही यह भी कि भारत के खिलाफ सीमापार बैठे लोगों के खतरनाक इरादे किस हद तक जा पहुंचे हैं। निस्संदेह, भौगोलिक जटिलता के चलते पूरी थल सीमा की निगरानी कर पाना असंभव जैसा ही है। इसके बावजूद भारत को काउंटर ड्रोन तकनीकों को प्रयोग में लाकर आतंकवादियों व नशा तस्करों के मंसूबों पर पानी फेरना होगा। साथ ही देश के भीतर की उन काली भेड़ों पर भी नजर रखनी होगी, जो पाक में बैठे आकाओं के इशारों पर हथियारों व नशे के अवैध कारोबार में मददगार बने हुए हैं। देश में ड्रोन तकनीक के उपयोग व विस्तार के लिये बड़ी पूंजी के निवेश की जरूरत भी महसूस की जा रही है। निस्संदेह,ड्रोन के जरिये लगातार बढ़ती घुसपैठ व तस्करी से निपटने के लिये किसी भी स्तर पर उदासीनता घातक साबित हो सकती है। माना जाता है कि ये रीपर ड्रोन ही थे जिसने ईरान के जनरल कासिम सुलेमानी को जनवरी 2020 में बगदाद एयरपोर्ट के बाहर निशाना बनाया था। लेकिन बहुत थोड़े समय के लिए ही (केवल) अमेरिका या इसराइल (अपनी ड्रोन इंडस्ट्री की बदौलत) इस टेक्नोलॉजी पर राज कर सके। ये युद्धक ड्रोन का पहला युग माना जा सकता है। तब से अब तक परिस्थियों में बहुत तेजी से बदलाव देखा गया है। युद्धक ड्रोन कई नए खिलाड़ियों (देशों) के मैदान में आने से एक नए युग में प्रवेश कर चुके हैं. यूएवी का इस्तेमाल आतंकवाद, आतंकवाद निरोधी युद्ध से आगे बढ़ते हुए अब पूरी तरह से पारंपरिक युद्ध में बदल गया है। वास्तव में, ड्रोन अपने तीसरे युग के मुहाने पर खड़ा है जहां तकनीक बेहद जटिल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ा है। आज पूरी दुनिया में युद्ध शैली में बड़ा बदलाव आया है। हाल में ईरान में बने ड्रोनों ने यूक्रेन में कहर बरपाया है। फरवरी 2020 में सीरिया में ऑपरेशन स्प्रिंग शील्ड के दौरान और लीबिया में खलीफा हफ्तार की विद्रोही सेना के खिलाफ पहले भी तुर्की इस ड्रोन का इस्तेमाल कर चुका है। कई बार सशस्त्र ड्रोनों का निर्णायक असर देखा गया है। इसका लीबिया की मान्यता प्राप्त सरकार के बने रहने में योगदान रहा है तो पिछले साल इसने नागोनी-कराबाख के युद्ध में भी अहम किरदार निभाया। तुर्की से प्राप्त ड्रोन की वजह से अजरबैजान की सेना आर्मीनिया के विवादित क्षेत्र पर अपना नियंत्रण बनाने में सक्षम हुई। फरवरी 2020 में सीरिया में ऑपरेशन स्प्रिंग शील्ड के दौरान और लीबिया में खलीफा हफ्तार की विद्रोही सेना के खिलाफ पहले भी तुर्की इस ड्रोन का इस्तेमाल कर चुका है।

ड्रोन हमले अक्सर कानूनी और नैतिक दुविधाएं पैदा करते हैं. उनकी मारक क्षमता उसे चलाने वाले के कौशल पर निर्भर रहती है। ये उम्मीद कि हथियारों को सीमित करने के समझौतों से उनके इस्तेमाल पर रोक लगाई जा सकेगी, अब तक बेमानी साबित हुई है। अमेरिका अपनी टेक्नोलॉजी को अपने बेहद करीबी सहयोगियों के अलावा किसी अन्य देश को देने का अनिच्छुक रहा है, जबकि अन्य देश ऐसा भेदभाव नहीं करते हैं। निस्संदेह यूएवी जिस तेजी से बढ़ रहा है उसे रोक पाना मुश्किल लगता है। 100 से अधिक देश और बगैर देश वाले समूहों के पास ड्रोन मौजूद हैं. इनमें से कइयों के पास तो सशस्त्र ड्रोन मौजूद हैं। कोई देश या समूह जो लड़ाकू जेट खरीदने का जोखिम नहीं उठा सकते वे ड्रोन खरीद सकते हैं। गृहयुद्धों में या क्षेत्रीय संघर्षों में यूएवी का उपयोग भविष्य के युद्ध में ड्रोन की अहम भूमिका की महज एक झलक भर है। जब अमेरिका और उसके सहयोगी देश आतंकरोधी अभियानों में जुटे थे, रूस इसकी सीरिया में आजमाइश कर रहा था। रूस इसे बड़े युद्ध में कैसे इस्तेमाल करना है उसे ध्यान में रखते हुए इसने सीरिया को अपना टेस्टिंग ग्राउंड बना रखा था। आज इस्तेमाल किए जाने वाले अधिकतर ड्रोन पारंपरिक विमानों से कहीं छोटे होते हैं और उन्हें अलग तरह से हवाई सुरक्षा भी चाहिए होती है. वो बहुत धीमी गति से और कम ऊंचाई पर उड़ते हैं। इसका मतलब ये है कि कई सारे एयर डिफेंस सिस्टम में उन्हें मार गिराने का तरीका मौजूद नहीं है। इस समस्या से निपटने के लिये देश में युद्ध स्तर पर ड्रोन तकनीक में शोध व अनुसंधान को बढ़ावा देने की जरूरत है। उस हद तक कि देश के युवाओं में ड्रोन निर्माण व शोध के लिये एक नया जुनून पैदा हो सके। यह वक्त की जरूरत भी है कि अपनी सीमाओं को अक्षुण्ण बनाये रखा जाये। यह इसीलिये भी जरूरी है कि पड़ोसी मुल्क चीन ने पिछले दिनों अपने रक्षा खर्च में अप्रत्याशित बढ़ोतरी की है। पिछले दिनों लद्दाख व एलएसी पर संदिग्ध गतिविधियां उसके खतरनाक मंसूबों की ओर इशारा कर रही हैं।

जिसको लेकर हमें सतर्क रहना होगा। हमें उन्नत राडार, रेडियो फ्रीक्वेंसी एनालाइजर, ध्वनिक सेंसर या ऑप्टिकल सेंसर जैसे अत्याधुनिक ड्रोन निगरानी तंत्र की बहाली तुरंत करनी होगी। यह सुखद है कि जे एंड के व पंजाब के विभिन्न सेक्टरों में तैनात स्वदेशी एंटी-ड्रोन जैमर व स्पूफर्स के परीक्षण सकारात्मक रहे हैं।



# कविता

आज की कविता या कविता का
आज
शब्द भी सीधे सपाट बढ़ते जाते हैं
रुकते नहीं,
नदिया भी निर्झरिणी की तरह बलखाती,
लहराती, खिलखिलाती बहती है,
रुकती नहीं निर्बाध,बहती जाती है
समंदर में समूचा विलीन होने तक,
इसी तरह कविता भी पल्लवित पुष्पित होती
जाती है, खंडकाव्य होने तक,
पल प्रति पल की कविता. या कविता का प्रति
पल
भी इसी तरह होते हैं
मेरे घर की सीढ़ीयाँ भी
ऊपर की जाती है
नीचे क्यों कर नहीं आती,
शब्द भी इसी तरह अंतरिक्ष में चले जाते
लौटकर नहीं आते
जाते हैं,
कविता,दोहा,चौपाई,और छंद बनकर,
कविता का आज,
आज की कविता भी
इसी तरह की होती है,
ऊपर जाती है सीढ़ियां संदेश बनकर फिर
लौटकर कोई नहीं आती
कोई न कविता न सीढ़ियां,
बस चलती जाती है
बहती जाती है
मेरे विचारों की तरह।

संजीव
---------

## कर्नाटक चुनाव परिणाम का असर

**अशोक भाटिया**

कर्नाटक चुनाव परिणाम की कहानी का राजस्थान तक असर होने वाला हैं. जनता के जनादेश में भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के लिए संदेश छिपे हैं. यही वजह है कि इस रिजल्ट की रोशनी में दोनों ही दल अपनी नई स्ट्रैटजी बनाने पर जोर दे रहे हैं. नई रणनीति में राज्य स्तर के उन बड़े नेताओं को मौका मिल सकता है, जो अभी हाशिए पर हैं. कर्नाटक के चुनावी नाटक से पर्दा उठने के बाद यह तो तय हो गया है कि विधानसभा चुनावों में राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय महत्व से जुड़े बड़े मुद्दों के साथ-साथ स्थानीय मुद्दों पर भी फोकस होगा. राजस्थान की तरह कर्नाटक कांग्रेस में भी डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया के बीच मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर चुनाव से पहले ही शीतयुद्ध की स्थिति थी. पार्टी ने मार्च 2020 में डीके शिवकुमार को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर आगे किया, लेकिन सिद्धारमैया को भी पूरी तवज्जो दी. मुख्यमंत्री की चाहत के बावजूद दोनों नेताओं ने एकजुटता के साथ चुनाव प्रचार किया।

कार्यकर्ताओं तक भी एकता का मैसेज गया। यह भी बड़ी वजह रही कि कांग्रेस ने कर्नाटक का किला जीत लिया। चूंकि अगला विधानसभा चुनाव राजस्थान में है। भाजपा बड़े बहुमत से राज्य की सत्ता पर काबिज होने के लिए तमाम दांवपेंच लगा रही है। आगामी चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रदेश दौरे बढ़ते जा रहे हैं। पिछले 8 महीनों यानी 240 दिन में पीएम मोदी 5 बार राजस्थान जा चुके हैं । भाजपा के लिए राजस्थान में जीत दर्ज करना जरूरी हो जाता है क्योंकि ये जीत राज्यसभा में अच्छी संख्या हासिल करने में मदद करेगी। साथ ही ये जीत लोकसभा चुनावों में भी फायदेमंद साबित होगी। कर्नाटक में मिली हार के बाद भाजपा अपने चुनाव प्रचार अभियान में बदलाव कर सकती है। पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को चुनाव प्रचार में उतारने पर विचार कर सकती है। राजे वर्तमान में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर अपने स्वयं के सार्वजनिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रही हैं। राजस्थान में भाजपा के पास राजे के कद की कोई महिला नेता नहीं है। उन्होंने लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनावों में अपनी ताकत साबित की है। बताया जाता है कि भाजपा के अंदरूनी सूत्रों का दावा है कि पार्टी के आंतरिक आकलन ने ये संकेत दिया है कि राजस्थान में विधानसभा चुनाव में मुश्किल से साधारण बहुमत हासिल कर पाएगी। फिलहाल भाजपा राज्य में अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस के खिलाफ जीत के फॉर्मूले की तलाश कर रही है, सवाल ये भी है कि क्या भाजपा सत्तारूढ़ पार्टी के संभावित दलबदलुओं पर अतिनिर्भरता का जोखिम उठा सकती है? रिपोर्ट्स के मुताबिक राजस्थान में आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले नेताओं सहित कई भाजपा नेताओं का कहना है कि कांग्रेस मुक्त भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए हम कांग्रेस-युक्त भाजपा बन रहे हैं। भाजपा के अंदर ये सवाल भी उठने लगे हैं कि भाजपा सीटें खोने की कीमत पर पारंपरिक राजनीतिक परिवारों को चुनाव टिकट देने से कैसे इनकार करेगी।

# विचार

## भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक चमकता स्थान

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर भारत जिस तरह से हर क्षेत्र में विकास के श्रेष्ठ झंडे पूरे जोर-शोर से के साथ गाड़ कर आगे बढ़ रहा है, जिसकी जानकारी रोज मीडिया, पीआईबी व शासकीय प्रेस रिलीज मंत्रियों के बयानों,संबोधन से प्राप्त होती है। दिनांक 17 मई 2023 को भारत मोबाइल निर्यात में दूसरे नंबर पर पहुंच चुकाहै तो भारत यूरोपीय संघव्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) बैठक के बाद बताया गया भारत यूरोपीय संघ एफटीए बात अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है। बता देंगे अनेक देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हैं और अनेकों के साथ प्रोसेस शुरू है तो फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में भारत की वैश्विक प्रमुख भूमिका है ऐसे अनेक क्षेत्रों में भारत का वर्चस्व बढ़ते जा रहा है। यही कारण है कि भारत के अब वैश्विक अर्थव्यस्था में तीन नंबर तक पहुंचने में कुछ ही कदम दूरी पर है तथा शीघ्र ही नंबर वन तक पहुंचने के प्रयासों में तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है, जिसपर मोहर आज 17 मई 2023 को देर शाम जारी संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक रिपोर्ट 2023 ने भी मुहर लगाई जिसकी चर्चा हम नीचे के पैरा में करेंगे। बता दें इसके पहले 22 अप्रैल 2023 को विश्व बैंक द्वारा जारी लॉजिस्टिक इंडेक्स में दबदबा, वैक्सीन का सराहनीय डोज विस्तार व उपचार सहित अनेक उपलब्धियों की बारिश होना जारी है। चूंकि 17 मई 2023 को जारी संयुक्त राष्ट्र की मिड ईयर अपडेट रिपोर्ट जारी में भारत का तेजी से विस्तार करने वाली अर्थव्यवस्था और चमकता उज्जवल स्थान बताया गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, यूएस मिड ईयर अपडेट आर्थिक रिपोर्ट 2023 में भारत की बल्ले-बल्ले पर मोहर लगी।

साथियों बात अगर हम संयुक्त राष्ट्र द्वारा दिनांक 17 मई 2023 को देर शाम जारी रिपोर्ट की करें तो, रिपोर्ट कहती है कि भारत, जो दक्षिण एशियाई क्षेत्र की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, 2023 में 5.8 प्रतिशत और 2024 (कैलेंडर वर्ष आधार) में 6.7 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर्ज करेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत घरेलू मांग से समर्थन मिलेगा। हालांकि, ऊंची ब्याज दरों और कमजोर बाहरी मांग से 2023 में देश के निवेश और निर्यात पर दबाव बना रहेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में भारत में महंगाई की दर घटकर 5.5 प्रतिशत पर आ जाएगी। वैश्विक स्तरपर जिंस कीमतों में कमी तथा मुद्रा के मूल्य में गिरावट की रफ्तार धीमी होने से आयातित मुद्रास्फीति कम होगी।रिपोर्ट कहती है कि भारत की आर्थिक वृद्धि मजबूत बनी रहेगी। हालांकि, अन्य दक्षिण एशियाई देशों के लिए संभावनाएं अधिक चुनौतीपूर्ण हैं। प्रमुख रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में होगा। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग की वैश्विक आर्थिक निगरानी इकाई, आर्थिक विश्लेषण और नीति प्रभाग के प्रमुख ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत विश्व अर्थव्यवस्था में एक चमकता स्थान है।भारतीय अर्थव्यवस्था पर एक एजेंसी के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत एक मजबूत स्थल बना हुआ है। भारत के लिए हमारा अनुमान जनवरी से जो था वह नहीं बदला है और हम कई सकारात्मक चीजें देखते हैं। इनमें महंगाई भी शामिल है जो काफी नीचे आई है।भारत की मुद्रास्फीति लगभग 5.5 प्रतिशत है जबकि दक्षिण एशिया के लिए क्षेत्रीय औसत 11 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि राजकोषीय विस्तार और मौद्रिक स्तर पर काफी गुंजाइश है जो घरेलू मांग को समर्थन देगा।हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बाहरी जोखिम बना हुआ है। राशिद ने कहा, यदि बाहरी वित्त की स्थिति और खराब होती है, तो भारत को कुछ चुनौतियों से जूझना पड़ सकता है।रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था के अब 2023 में 2.3 प्रतिशत (जनवरी पूर्वानुमान से 0.4 प्रतिशत अंक अधिक) और 2024 में 2.5 प्रतिशत (0.2 प्रतिशत अंक कम) की दर से बढ़ने का अनुमान है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पिछले महीने चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 5.9 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था, जबकि विश्व बैंक (डब्ल्यूबी) ने इसे 6.3 फीसदी और एशियाई विकास बैंक ने 6.4 फीसदी पर रहने का अनुमान लगाया था।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## अपने सुहाग के लिए महिलाएं रखती है वट सावित्री व्रत

**संजय कुमार सुमन**

**हिन्दू** धर्म में प्रत्येक व्रत और त्योहार का अपना एक अलग ही महत्व होता है।ऐसे ही व्रत और त्योहारों में से एक है वट सावित्री का व्रत।यह हिंदू धर्म का खास पर्व माना जाता है।वट सावित्री पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा अराधना की जाती है। इस दिन सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना में व्रत रखती हैं और बरगद के वृक्ष की पूजा करती हैं।

इस साल का वट सावित्री व्रत काफी खास है, क्योंकि इस दिन शनि जयंती भी पड़ रही है। शास्त्रों के अनुसार माना जाता है कि इस दिन शनि देव का जन्म हुआ था। पंचांग के अनुसार, हर साल ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को वट सावित्री व्रत रखा जाता है और इस साल यह व्रत 19 मई, 2023 को है। यह व्रत महिलाएं अपने सुहाग की दीघार्यु के लिए रखती है और इस दिन स्नान, दान और पूजा का खास महत्व माना गया है। वट सावित्री के व्रत में महिलाओं को कुछ विशेष नियमों का पालन करना होता है। हिंदू धर्म में वट वृक्ष की पूजा और परिक्रमा का विधान होता है। इसकी पूजा की भी कई वजहें है।

आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो वट वृक्ष दीघार्यु और अमरत्व के बोध के नाते भी स्वीकार किया जाता है। माना जाता है कि वट वृक्ष की जड़ों में ब्रह्मा, तने में भगवान विष्णु एवं डालियों में शिव शंकर का निवास होता है।इसके अलावा इस पेड़ में बहुत सारी शाखाएं नीचे की तरफ लटकी हुई होती हैं, जिन्हें देवी सावित्री का रूप माना जाता है।यही वजह है कि इस वृक्ष की पूजा से सभी मनोकामनाएं बहुत ही जल्दी पूरी हो जाती है। अग्नि पुराण के अनुसार, बरगद उत्सर्जन को दर्शाता है।इसलिए, संतान प्राप्ति के लिए भी महिलाएं इस वृक्ष की पूजा करती हैं।माना जाता है कि वट वृक्ष की छांव में ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि के दिन देवी सावित्री ने अपने पति को पुनः जीवित किया था। तभी से इस दिन वट वृक्ष की पूजा की जाती है। धार्मिक आस्थाओं के साथ ही ये वृक्ष पर्यावरण संरक्षण में भी बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।बरगद के पेड़ और इसकी पत्तियों में कार्बन डाइऑक्साइड को सोखने की सबसे ज्यादा क्षमता होती है।

## झुट्ठाबाबा की गोद में नोस्कर

**डॉ. सुरेश कुमार**

**कुछ** प्राणियों की माया विज्ञान, साहित्य, स्वास्थ्य, राजनीति, अर्थशास्त्र के क्षेत्र से लेकर अभिनय तक फैली हुई है। जहाँ देखो वहाँ इसी का गुणगान है। यही सब देखकर विद्वानों को दिए जाने वाले नोबल और अभिनेताओं को दिया जाने वाला ऑस्कर दोनों को मिलाकर नोस्कर सम्मान का ईजाद किया गया। अब सवाल यह था कि दुनिया का वह कौनसा प्राणी है जो शांति, साहित्य, भौतिकी, रसायन, चिकित्सा विज्ञान और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में उतना ही स्थान रखता हो जितना की अभिनय में। चूंकि दुनिया भर में झुट्ठाबाबा ने इतना नाम कमाया है इसलिए नोबल पिता और ऑस्कर माता का जन्मा नोस्कर ह्यसम्मानह्ल उसी की झोली में जाना तय था। हुआ भी वही। झुट्ठाबाबा को नोस्कर से सम्मानित करने का फैसला किया गया। आखिर वह घड़ी आ ही गयी जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था। झुट्ठाबाबा ने नोस्कर सम्मान ग्रहण किया। दुनिया भर के कैमरे खिचिक-खिचिक करते हुए बड़ी देर तक उसे छवियों के रूप में कैद कर रहे थे। वैसे भी उसे कैमरे में कैद करने के सिवाय कर भी क्या सकते हैं? डॉक्टर-वैज्ञानिक जब तक इसके एक वेरिएंट को पकड़ने की कोशिश करते तब तक महाशय अपने कई रूप बदल लेता। डॉन की तर्ज पर ग्यारह मुल्कों की पुलिस की जगह दुनिया भर के डॉक्टर-वैज्ञानिक उसे पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं, और साहब हैं कि किसी के हत्थे चढ़ना अपनी शान के खिलाफ समझते हैं। नोस्कर ग्रहण करने के बाद झुट्ठाबाबा से कुछ सवाल पूछे गए। पहला सवला था झ्र अथक कठोर परिश्रम करते हुए दुनिया भर में यात्रा करने का आपका अनुभव कैसा रहा? झुट्ठाबाबा ने कहा झ्र सबसे पहली बात तो मैं अपने काम को काम नहीं मानता। इसलिए मुझे न थकान होती है और न परिश्रम करने की आवश्यकता। मैं यह काम मजे के लिए करता हूँ। मुझे देश-विदेश जाने के लिए न पासपोर्ट की जरूरत है न वीजा की। हवाई जहाज, चॉपर, रेल, बस, ऑटो, रिक्शा, साइकिल सबमें यात्रा कर सकता हूँ। अलग-अलग अनुभवों का भी अपना मजा होता है। मैं चाहूँ तो अरबपति के घर में ऐशो-आराम प्राप्त कर सकता हूँ, ऊब जाऊँ तो झोपड़पट्टी में रूखा-सूखा खाने का भी मजा लेता हूँ।

## कच्चा तेल 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में कल के मुकाबले आज तेजी का रुख है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 77 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड




73 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.17 डॉलर यानी 0.22 फीसदी की गिरावट के साथ 76.79 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.15 डॉलर यानी 0.21 फीसदी लुढ़ककर 72.68 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## हिंदुजा समूह के चेयरमैन एसपी हिंदुजा का लंदन में निधन

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के दिग्गज कारोबारी हिंदुजा समूह के चेयरमैन श्रीचंद परमानंद हिंदुजा का लंदन में निधन हो गया। वे 87 वर्ष के थे। परिवार के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी है। प्रवक्ता ने बताया कि हिंदुजा समूह के अध्यक्ष श्रीचंद परमानंद हिंदुजा ने लंदन में आखिरी सांस ली। वे बीते काफी समय से बीमार चल रहे थे। एसपी हिंदुजा चार हिंदुजा भाइयों में सबसे बड़े थे। इसी साल फरवरी माह में उनकी पत्नी मधु हिंदुजा का निधन हो गया था। बयान में कहा गया है कि गोपीचंद, प्रकाश, अशोक और पूरे हिंदुजा परिवार को आज हमारे परिवार के संरक्षक और



हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन एसपी हिंदुजा के निधन की सूचना देते भारी दुखः हो रहा है। वह परिवार के मेंटर थे। उन्होंने मेजबान देश यूके और अपने देश भारत के बीच मजबूत संबंध बनाने में अपने भाइयों के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि देश में ट्रक बनाने के कारोबार के अलावा हिंदुजा समूह केमिकल्स, बैंकिंग, पावर, मीडिया और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। समूह की कंपनियों में ऑटो कंपनी अशोक लीलैंड और इंडसइंड जैसे बड़े ब्रांड शामिल हैं। समूह के पास 14 अरब डॉलर की संपत्ति है।

## नीति आयोग संचालन परिषद की बैठक 27 मई को, प्रधानमंत्री करेंगे अध्यक्षता

**नई दिल्ली।** नीति आयोग की संचालन परिषद की 27 मई को होने वाली बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस बैठक में अर्थव्यवस्था, कृषि और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में नीति आयोग की संचालन परिषद की 27 मई को होने वाली बैठक में अर्थव्यवस्था, कृषि और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की उम्मीद है। संचालन परिषद नीति आयोग का शीर्ष निकाय है। पिछले साल यह बैठक 7 अगस्त को हुई थी।

प्रधानमंत्री नीति आयोग के चेयरमैन हैं। योजना आयोग के स्थान पर एक जनवरी, 2015 को इस बनाया गया है। आमतौर पर संचालन परिषद की पूर्ण बैठक साल में एक बार होती है। इसमें सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उप-राज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं।

# हीरा उद्योग को राहत मिलने के आसार, बढ़ सकती है कच्चे हीरे की सप्लाई

**नई दिल्ली।** कच्चे हीरे की कमी से परेशान हीरा उद्योग को जल्द ही राहत मिलने की उम्मीद बन गई है। जून के पहले सप्ताह में दुबई में होने वाली वर्ल्ड डायमंड काउंसिल की बैठक में जिम्बाब्वे के खदानों से निकलने वाले कच्चे हीरे पर लगी पाबंदी को हटाए जाने का प्रस्ताव पेश किया जाना है। माना जा रहा है कि वर्ल्ड डायमंड काउंसिल जिम्बाब्वे के खदानों से निकलने वाले कच्चे हीरे की इंटरनेशनल मार्केट में लगाई गई रोक को हटाए जाने वाले प्रस्ताव को मंजूरी दे सकती है।

उल्लेखनीय है कि कच्चे हीरे की सप्लाई में कमी होने की वजह से इंटरनेशनल मार्केट में हीरे की कीमत में पिछले एक साल में करीब 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। दुनिया की ज्यादातर खदानों से हीरे का पूरी क्षमता के साथ उत्पादन होने की वजह से अब कई बड़ी खदानें लगभग बंद होने के कगार पर आ गई हैं। यानी इन खदानों से हीरे की अधिकतम मात्रा निकाली जा चुकी है, जिसकी वजह से इन खदानों से हीरे का उत्पादन पहले की तुलना में काफी कम हो गया है। दूसरी ओर हीरे के प्रति पिछले कुछ सालों में बढ़े आकर्षण की वजह से हीरे से बनी ज्वेलरी की मांग काफी अधिक हो गई है। प्रतिवर्ष हीरे से बनी ज्वेलरी की मांग में करीब 13 प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में कच्चे हीरे की सप्लाई कम होने की वजह से हीरे की कीमत में लगातार तेजी आ रही है। बताया जा रहा है कि जिम्बाब्वे की खदानों से बड़ी मात्रा में कच्चे हीरे का दोहन किया जा सकता है। इन खदानों से सालाना करीब 15



साल लाख कैरेट हीरे की आपूर्ति की जा सकती है। लेकिन वर्ल्ड डायमंड काउंसिल की पाबंदी की वजह से अभी तक जिम्बाब्वे के खदानों से निकलने वाले हीरे को दूसरे देश खरीद नहीं सकते हैं। हीरा उद्योग में अवैध कारोबार को रोकने के लिए किंबर्ली सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया जरूरी होती है। 2013 के पहले तक जिम्बाब्वे से होने वाले हीरे के अवैध कारोबार और जिम्बाब्वे द्वारा वर्ल्ड डायमंड काउंसिल के रेगुलेशन को मानने से इनकार किए जाने की वजह से जिम्बाब्वे के हीरे की अंतरराष्ट्रीय खरीद बिक्री पर रोक लगा दी गई थी।

2022 में जिम्बाब्वे ने वर्ल्ड डायमंड काउंसिल से इस रोक को हटाने और किंबर्ली सर्टिफिकेट जारी करने का आग्रह किया था। लेकिन अभी तक जिम्बाब्वे के खदानों से निकले हीरों के लिए किंबर्ली सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया है। माना जा रहा है कि जून में दुबई में होने वाली वर्ल्ड डायमंड काउंसिल की बैठक में इस पर फैसला लिया जा सकता है। जानकारों का कहना है कि इंटरनेशनल मार्केट में हीरे की कीमत में जिस तरह से बढ़ोतरी हुई है, उसको देखते हुए वर्ल्ड डायमंड काउंसिल जिम्बाब्वे के खदानों से निकलने वाले हीरे के लिए किंबर्ली सर्टिफिकेट जारी कर सकता है। इस बात का अनुमान इस आधार पर भी लगाया जा रहा है, क्योंकि जिम्बाब्वे ने वर्ल्ड डायमंड काउंसिल के रेगुलेशन को अपने देश में कड़ाई से लागू करने की बात पर भी सहमति जताई है।

इंटरनेशनल मार्केट में फिलहाल हर साल फिलहाल 10 से 12 मिलियन कैरेट कच्चे हीरे की मांग है। ऐसे में अगर जिम्बाब्वे के खदानों से हर साल निकलने वाले करीब 15 लाख कैरेट कच्चे हीरे की इंटरनेशनल मार्केट में सप्लाई शुरू हो जाती है, तो इससे कच्चे हीरे की कमी काफी हद तक दूर हो सकती है। ऐसा होने से हीरे से बने आभूषणों की कीमत पर भी ब्रेक लगने के आसार बन सकते हैं।

## अमेजन वेब सर्विसेज भारत में 2030 तक करेगी 12.7 अरब डॉलर का निवेश

**मुंबई/नई दिल्ली।** अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) भारत में क्लाउड संबंधित बुनियादी ढांचा पर 2030 तक 12.7 अरब डॉलर (1,05 लाख करोड़ रुपये) निवेश करेगी। कंपनी यह निवेश क्लाउड सेवाओं में ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कर रही है।

अमेजन की क्लाउड कम्प्यूटिंग इकाई ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि 2030 तक वह 12.7 अरब डॉलर (1,05 लाख करोड़ रुपये) निवेश करेगी। कंपनी ने बताया कि डेटा सेंटर बुनियादी ढांचा में निवेश से भारतीय कारोबार में सालाना औसतन 1,31,700 पूर्णकालिक नौकरियां सृजित होने की उम्मीद है।

बयान के मुताबिक इस निवेश से जो नौकरियां सृजित होंगी, उसमें निर्माण, इंजीनियरिंग, दूरसंचार और अन्य रोजगार




शामिल हैं। एडब्ल्यूएस ने कहा कि भारत में क्लाउड संबंधित बुनियादी ढांचे में 1,05 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना है। इसके साथ 2030 तक भारत में कुल निवेश 1,36,500 (16.4 अरब डॉलर) पहुंच जाने का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि अमेजन वेब सर्विसेज अमेजन की एक सहायक कंपनी है, जो व्यक्तियों, कंपनियों और सरकारों की मांग पर क्लाउड कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म मुहैया कराती है। कंपनी 2016 से 2022 के दौरान 3.7 अरब डॉलर (30,900 करोड़ रुपये) का निवेश कर चुकी है।

## भारत का सीमा शुल्क अधिक न होकर असल में कमः पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत में कई वस्तुओं पर सीमा शुल्क को गलत अर्थ में अक्सर अधिक बताया जाता है, लेकिन असल में वे कम हैं। गोयल ने बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में आयोजित भारत-यूरोपीय संघ व्यापार एवं प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) की पहली बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि भारत में आयात पर लगाए गए शुल्क की वास्तविक दरें असलियत में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के स्तर पर स्वीकृत दरों से कम हैं।

गोयल ने बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि टीटीसी भारत और यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर जारी बातचीत को सहयोग



दे रही है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि यह समझौता दोनों के संबंधों को इस सदी का निर्णायक साझेदारी बनाने का काम करेगा। गोयल ने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के कार्बन कर लगाने के कदम पर भी संपर्क में है। इसके साथ ही इस मुद्दे का समाधान निकालने की कोशिश में लगे हुए हैं।

## लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नई दिल्ली।** वैश्विक दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत सपाट स्तर पर हुई थी, लेकिन दिन के कारोबार के दौरान बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार लगातार लुढ़कता चला गया। हालांकि, आखिरी 2 घंटे के कारोबार में खरीदारों ने एक्टिव होकर लिवाली भी की। इसके बावजूद बाजार लाल निशान में ही बंद हुआ। दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 0.60 प्रतिशत और निफ्टी 0.57 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के दौरान आईटी, रियल्टी और मेटल सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली होती रही। इसी तरह बैंकिंग, एनर्जी, ऑयल एंड गैस, टेक और पावर सेक्टर के शेयरों में भी बिकवाली का दबाव बना रहा। दूसरी ओर, एफएमसीजी और ऑटो सेक्टर के शेयरों में मामूली खरीदारी होती नजर आई। दिन के दूसरे सत्र में हुई खरीदारी की वजह से लगातार दबाव का सामना कर रहे मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में आज निचले स्तर से रिकवरी होती नजर आई। इसके बावजूद मिडकैप इंडेक्स 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉलकैप इंडेक्स 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। आज बाजार में लगातार दूसरे दिन आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों को करीब 90 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 277.22 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 278.12 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 90 हजार करोड़ रुपये का चूना लग गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,625 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,706 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। 1,783 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 136 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,038 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 874 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में और 1,164 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 7 शेयर बढ़त के साथ और 23 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 15 शेयर हरे निशान में और 35 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 0.15 अंक की सांकेतिक बढ़त के साथ 61,932.32 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआत में ही बिकवालों के हावी हो जाने के कारण ये सूचकांक 592.37 अंक की गिरावट के साथ 61,340.10 अंक तक पहुंच गया। हालांकि कारोबार के आखिरी 2 घंटे में हुई खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स ने निचले स्तर से करीब 220 अंक की रिकवरी करके 371.83 अंक की कमजोरी के साथ 61,560.64 अंक के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया।

## ह्यात सेंट्रिक और ह्यात प्लेस ब्रांड के तहत उत्तराखंड में दो होटल शुरू होंगे

**देहरादून/हरिद्वार।** उत्तरी भारत में अपनी ब्रांड उपस्थिति का विस्तार करने के लिए ह्यात तैयार है। नए होटल उत्तराखंड में ह्यात सेंट्रिक और ह्यात प्लेस ब्रांडों के प्रवेश को चिह्नित करेंगे। ह्यात होटल्स कॉरपोरेशन (एनवाईएसईः एच) के एक ह्यात सहयोगी ने उत्तराखंड (उत्तरी भारत का एक राज्य) में दो नए ह्यात-ब्रांडेड होटलों के लिए उबी ग्रुप ऑफ कंपनीज के साथ फ्रेंचाइजी समझौते किए हैं, जिनमें ह्यात सेंट्रिक राजपुर रोड देहरादून और ह्यात प्लेस हरिद्वार शामिल हैं।

हिमालय पर्वत श्रृंखला की तलहटी में स्थित, उत्तराखंड अपने आसपास की पहाड़ियों और जंगलों में प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों और आकर्षणों को समेटे हुए है और अपने कई हिन्दू तीर्थ स्थलों, वन्यजीव पार्कों, हिल स्टेशनों और ट्रैकिंग मार्गों के लिए जाना जाता है, जो इसे यात्रियों और स्थानीय लोगों के लिए समान रूप से एक आकर्षक गंतव्य बनाते हैं। ह्यात सेंट्रिक राजपुर रोड देहरादून भारत के प्रसिद्ध यात्रा आकर्षणों में से एक, मसूरी (जिसे पहाड़ियों की रानी के रूप में भी जाना जाता है) की तलहटी में स्थित होगा, जबकि ह्यात प्लेस हरिद्वार भारत में अत्यधिक देखे जाने वाले तीर्थ स्थलों में से एक, हरिद्वार में स्थित होगा। हरिद्वार को पवित्र भूमि के रूप में जाना जाता है और यह शहर अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है। ह्यात सेंट्रिक राजपुर रोड देहरादून पहले, 2023 के मध्य तक खुलेगा।

# सर्राफा बाजार- सोना लुढ़क कर 61 हजार के नीचे पहुंचा, चांदी भी कमजोर

**नई दिल्ली।** सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन आज भारतीय सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार में सोना और चांदी दोनों चमकीली धातु फिसलती नजर आई। आज की गिरावट के कारण सोना फिसल कर 61 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से नीचे आ गया। इसी तरह चांदी में आज के कारोबार के दौरान मामूली गिरावट दर्ज की गई।

आज के कारोबार में सोना ने प्रति 10 ग्राम 448 रुपये की नरमी दिखाई। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज प्रति किलोग्राम 190 रुपये से अधिक की कमजोरी दर्ज की गई। बाजार में आई तेजी के कारण सोना आज के कारोबार में 60,618 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक गिर कर कारोबार करने लगा। इसी तरह चांदी भी आज गिर कर 71,793 रुपये प्रति किलोग्राम का स्तर पर आ गया। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को सोना का अंतिम बंद भाव 61,066 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। आज के कारोबार में आई गिरावट के कारण सोना फिसल कर 60,618 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर तक पहुंच गया। अलग-अलग श्रेणियों में इस चमकीली धातु ने आज 448 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 262 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की नरमी दिखाई। इंडियन बुलियन



एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक घरेलू सर्राफा बाजार में आज कारोबारी सोना यानी 24 कैरेट (999) सोने की औसत कीमत 448 रुपये की उछाल के साथ गिर कर 60,618 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई। इसी तरह 23 कैरेट (995) सोने की कीमत 446 रुपये की कमजोरी के साथ 60,375 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) हो गई, जबकि जेवराती यानी 22 कैरेट (916) सोने की कीमत में आज 411 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज की गई।

इसके साथ ही 22 कैरेट सोना 55,526 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा 18 कैरेट (750) सोने की कीमत आज प्रति 10 ग्राम 336 रुपये टूट कर 45,464 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गई, जबकि 14 कैरेट (585) सोना आज 262 रुपये सस्ता होकर 35,462 रुपये प्रति 10 ग्राम (अस्थाई) के स्तर पर पहुंच गया। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में भी आज गिरावट का रुख नजर आया। आज के कारोबार में चांदी (999) की कीमत में 191 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी दर्ज की गई। आज की गिरावट के कारण इस चमकीली धातु की कीमत पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार के आखिरी बंद भाव 71,930 रुपये प्रति किलोग्राम से फिसल कर 71,739 रुपये प्रति किलोग्राम (अस्थाई) के स्तर पर आ गई।


जानकारों का मानना है कि मौजूदा समय सर्राफा बाजार के निवेशकों के लिए काफी सतर्क रहने वाला समय है। क्योंकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में जारी उतार चढ़ाव, मंदी की आशंका और बैंकिंग संकट के कारण वर्ल्ड इकोनॉमी बुरी तरह से प्रभावित हुई है। इसका असर वर्ल्ड गोल्ड मार्केट पर भी पड़ रहा है। इसलिए फिलहाल छोटे और खुदरा निवेशकों को बाजार में बड़ा निवेश करने की जगह फिलहाल हर बड़ी गिरावट पर छोटे छोटे निवेश करने की नीति अपनानी चाहिए। क्योंकि वर्ल्ड गोल्ड मार्केट में आने वाली कोई भी बड़ी गिरावट भारतीय सर्राफा बाजार पर भी असर डालेगी, जिससे निवेशकों का हित प्रभावित हो सकता है।

# ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत, डेट सीलिंग डील की उम्मीद से बाजार में जोश

**- एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख**

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिका में डेट सीलिंग की डील पक्की हो जाने की उम्मीद की वजह से ग्लोबल मार्केट में जोश नजर आ रहा है। पिछले कारोबारी सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांक 1 प्रतिशत से अधिक की मजबूती के साथ बंद हुए। हालांकि यूरोपीय बाजार का रुख मिला-जुला रहा। एशियाई बाजारों में भी आज जोरदार तेजी की स्थिति बनी हुई है।

पिछले कारोबारी सत्र के दौरान डाओ जोंस 408.63 अंक यानी 1.24 प्रतिशत की मजबूती के साथ 33,420.77 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.19 प्रतिशत की छलांग लगाकर 4,158.77 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 157.51 अंक यानी 1.28 प्रतिशत की तेजी के साथ 12,500.57 अंक के स्तर पर बंद हुआ। जानकारों के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और रिपब्लिकन सांसदों के बीच डेट डिफॉल्ट के खतरे से बचने के लिए डेट डीलिंग को लेकर कल हुई बातचीत को सकारात्मक




बताया जा रहा है। माना जा रहा है कि रिपब्लिकन सांसदों ने बाइडेन को इस मसले पर सरकार का साथ देने का भरोसा दिलाया है। इस तरह डेट सीलिंग को लेकर दोनों पक्षों के बीच समझौता होने की उम्मीद बन गई है। ऐसा होने से अमेरिका के लिए डेट डिफॉल्टर होने का खतरा टलता हुआ नजर आ रहा है। इस खबर से अमेरिकी बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र के दौरान लगातार जोश की स्थिति बनी रही। जिसका परिणाम वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांकों में आई तेजी के रूप में नजर आया।

अमेरिकी बाजार से मिल रही सकारात्मक खबरों के बावजूद यूरोपीय बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र के दौरान दबाव की स्थिति बनी रही। ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंका के कारण यूरोपीय बाजार मिलाजुला कारोबार करके बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.36 प्रतिशत टूटकर 7,723.23 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.09 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,399.44 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के अपने कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर डीएएक्स इंडेक्स 0.33 प्रतिशत की मजबूती के साथ 15,951.30 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

अमेरिकी मार्केट की तेजी का असर आज एशियाई बाजारों पर भी साफ साफ नजर आ रहा है। भारत के अलावा एशिया के 9 बाजारों में से 8 बाजारों में आज तेजी का रुख बना हुआ है। जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स में आज कारोबार नहीं हो रहा है। एसजीएक्स निफ्टी फिलहाल 71.50 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,303.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 429.13 अंक यानी 1.43

**पिछले कारोबारी सत्र के दौरान डाओ जोंस 408.63 अंक यानी 1.24 प्रतिशत की मजबूती के साथ 33,420.77 अंक के स्तर पर बंद हुआ।**

प्रतिशत की छलांग लगाकर 30,522.72 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। हैंग सेंग इंडेक्स अभी तक के कारोबार में 258.76 अंक यानी 1.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,819.33 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 184.70 अंक यानी 1.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 16,109.99 अंक के स्तर पर पहुंचकर कारोबार कर रहा है।

